संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -228 मंगलवार,20 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मनोज मुंतशिर को मुंबई पुलिस से मिली सुरक्षा

## आदिपुरुष में लिखे गए डायलॉग्स को लेकर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं मनोज मुंतशिर





» आदिपुरुष के संवाद लेखक ने बताया था जान को खतरा

» आदिपुरुष के डायलॉग राइटर को मिली पुलिस सुरक्षा

» मनोज मुंतशिर ने जान का खतरा बताते हुए मांगी थी सुरक्षा

**नई दिल्ली,19 जून 2023(ए)।** आदिपुरुष शुरू से ही स्टार्स के लुक्स को लेकर विवादों में घिरी हुई है। कृति सेनन, सैफ अली खान के साथ-साथ निर्देशक ओम राउत और आदिपुरुष के डायलॉग लिखने वाले मनोज मुंतशिर भी सोशल मीडिया पर यूजर्स के निशाने पर आ गए हैं। रिलीज के बाद अब फिल्म पर और भी ज्यादा विवाद बढ़ गया है। अयोध्या के संतों ने जहां आदिपुरुष के बैन की मांग की, तो वहीं पालघर में चल रही फिल्म की स्क्रीनिंग को ही रोक दिया गया। अब आदिपुरुष के बढ़ते हुए विवाद को मद्दे नजर रखते हुए मुंबई पुलिस ने मनोज मुंतशिर को सुरक्षा मुहैया करवाई है।

**मनोज मुंतशिर ने मुंबई पुलिस से मांगी थी सुरक्षा**

प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष पर लगातार बढ़ रहे विवाद के बीच मनोज मुंतशिर ने खुद की जान पर खतरा बताते हुए मुंबई पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। जिस पर मुंबई पुलिस ने काफी विचार-विमर्श करने के बाद अब लिरिसिस्ट को सुरक्षा दे दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आदिपुरुष के डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर को मुंबई पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की है, इतना ही नहीं मुंबई पुलिस ने ये भी बताया कि वह इस मामले की छानबीन कर रही है।

**केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा- ठेस पहुंचाने का हक नहीं**

बीजेपी के नेता और केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आदिपुरुष बढ़ते विवाद और फिल्म में लिखे गए डायलॉग्स पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने फिल्म के नेपाल में बैन होने और कई सिनेमा थिएटर में फिल्म के प्रोटेस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा, ÷सीबीएफसी ने इस पर जो निर्णय करना है, वह किया है। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन का एक काम है। फिल्म के निर्माता-निर्देशक और लेखक ने फिल्म के डायलॉग बदलने की बात भी कही है। किसी की भी भावनाओं को आहत करने का अधिकार किसी को भी नहीं है। आपको बता दें कि फिल्म में हनुमान जी के द्वारा बोले गए डायलॉग्स को सोशल मीडिया पर छपरी लैंग्वेज बताते हुए फिल्म के डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर को काफी ट्रोल किया था।

# युवक के साथ अभद्रता मामले में सरकार सख्त

» अपराधियों पर एनएसए के तहत होगी कार्रवाई, घर पर चला हथौड़ा




**भोपाल,19 जून 2023(ए)।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक युवक के साथ अभद्रता और उसका वीडियो वायरल होने के मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जा रही है।


पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का जुलूस भी निकाला। साथ ही प्रशासन ने आरोपियों के घर का अतिक्रमण तोडऩे की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, 'हमने 24 घंटे में कार्रवाई करने की बात कही थी। 6 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया।'

आधिकारिक जानकारी के अनुसार स्थानीय टीला जमालपुरा थाने के अंतर्गत के धर्मांतरण के इस मामले में मुख्यमंत्री चौहान ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस आयुक्त भोपाल और कलेक्टर भोपाल को सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर एक नजीर पेश की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपराधियों पर अब एनएसए की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तीनों अपराधियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी।

राजधानी भोपाल में एक युवक के साथ अभद्रता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आरोपी युवक के गले में पट्टा बांध कर उसे कुत्ते की तरह भौंकने पर मजबूर करते सुनाई दे रहे हैं। वीडियो की भाषा न केवल बेहद अभद्र है, बल्कि इसमें आखिर में पीड़ित युवक इस बात पर भी जोर दे रहा है कि वो धर्मांतरण के लिए तैयार है। ये वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने जवान को गोली मारी,जलाए कई घर

**इंफाल,19 जून 2023(ए)।** इंफाल पश्चिम जिले में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। इन उग्रवादियों ने क्षेत्र के पांच घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि हथियारबंद बदमाशों ने रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमंग गांव और कांटो सबल में गोलीबारी की, जिसमें एक जवान घायल हो गया। आर्मी कॉलम ने क्षेत्र में ग्रामीणों को ध्यान में रखते हुए नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की।



सेना का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया और उसे तुरंत लीमाखोंग के सैन्य अस्पताल में ले जाया गया और अब उसकी हालत स्थिर है। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है और संयुक्त अभियान जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सेना के साथ मुठभेड़ से पहले उग्रवादियों ने लीमाखोंग गांव में पांच घरों को आग के हवाले कर दिया।

# 53 वें जन्मदिन पर राहुल गांधी को बधाई देने वालों का तांता

**नई दिल्ली,19 जून 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके 53वें जन्मदिन पर पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और कई अन्य लोगों ने बधाई दी। कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने कहा, एक निडर नेता और भारत को एकजुट रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए। प्यार में उनके अटूट विश्वास के लिए, एक ऐसा प्यार जो क्षमा करने, विश्वास करने, आशा करने और मतभेदों को गले लगाने के लिए तैयार है। हमारे अपने मोहब्बत की दुकान के लिए जन्मदिन मुबारक हो राहुल गांधी जी। साथ ही ट्विटर पर खड़गे ने कहा, राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। संवैधानिक मूल्यों के प्रति



आपकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका अदम्य साहस सराहनीय है। आप करुणा और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों की आवाज बनें।

अपने संदेश में कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, राहुल गांधी इस अंधेरे समय में प्रकाश की किरण हैं, जो एक विकसित, सुरक्षित और शांतिप्रिय भारत का सपना देखते हैं। उनके निस्वार्थ संघर्ष, समावेशिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, उनके प्रगतिशील विचार और गरीबों के लिए उनके समर्पण को सलाम। हमारे समय के दूरदर्शी राहुल जी को जन्मदिन की बधाई! कांग्रेस के विभिन्न फ्रंटल संगठन भी इस दिन को सेलिब्रेट कर रहे हैं।




# रवि सिन्हा बने रॉ चीफ

**नई दिल्ली ,19 जून 2023(ए)।** आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा के रूप में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ मिल गया है। रवि सिन्हा इसी माह की 30 तारीख को कार्यभार संभालेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिलहाल सामंत गोयल रॉ प्रमुख हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिन्हा वर्तमान में मंत्रिमंडल सचिवालय में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सिन्हा की दो साल के कार्यकाल के लिए रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा ने सामंत कुमार गोयल की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 30 जून, 2023 को पूरा हो रहा है।

# गरीबों के अनाज पर राजनीति कर रही भाजपा

**बेंगलुरु,19 जून 2023(ए)।** केंद्र की मोदी सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से राज्य सरकारों को गेहूं और चावल की बिक्री बंद कर दी है। इसको लेकर कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा है कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अन्न भाग्य योजना को विफल करने की कोशिश कर रही है और गरीबों के लिए खाद्यान्न पर राजनीति कर रही है।

सिद्दारमैया सरकार अपनी दूसरी गारंटी (अन्ना भाग्य योजना) के तहत 1 जुलाई से राज्य के सभी बीपीएल परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 10 किलो अनाज देने की प्लानिंग कर रही है।

सीएम ने सोमवार को कहा कि हम राजनीति और बाधाओं के बावजूद ईमानदारी से 1 जुलाई तक अन्न भाग्य योजना को लागू करने का प्रयास कर रहे हैं।

सीएम ने आगे कहा कि क्या बीजेपी नेताओं की कोई इज्जत है, सम्मान है? हम पैसे दे रहे हैं, फिर भी वह चावल नहीं दे रहे हैं। वे गरीब विरोधी हैं। वे निजी प्लेयर्स को चावल बेचने के लिए तैयार



हैं। वे चावल हमें बेचने से इनकार करते हैं। यह क्या दर्शाता है?

बेंगलुरु में अपने गृह कार्यालय, कृष्णा में पत्रकारों से बात करते हुए, सिद्दारमैया ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को चावल उपलब्ध कराने में राजनीति कर रही है। क्या केंद्र सरकार चावल उगाएगी? क्या उनके पास धान के खेत हैं? चावल राज्यों से खरीदा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहकारी संघवाद की बात करते हैं। हम एक संघीय ढांचे में हैं। हमें आपस में सहयोग करना चाहिए। केंद्र को टैक्स कहां से मिलता है। राज्यों से ही टैक्स मिलता है, तो उन्हें सहयोग करना चाहिए।

सीएम ने कहा कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना ने कहा है कि चावल का स्टॉक नहीं है। छत्तीसगढ़ में 1.5 लाख टन चावल है और यह केवल एक महीने के लिए प्रदान करेगा। राज्य को 2.28 लाख मीट्रिक टन की जरूरत है। पंजाब में भी चावल नहीं मिलता। एफसीआई ने 7 जून को कहा था कि वह चावल मुहैया कराएगा। 12 तारीख को वे 7 लाख टन चावल देने पर सहमत हुए। मैंने व्यक्तिगत रूप से एफसीआई के उप महाप्रबंधक को फोन किया और वह सहमत हो गए। लेकिन, 14 जून को हमें एक पत्र मिला जिसमें आपूर्ति से इनकार किया गया। सीएम ने सवाल किया कि इसे राजनीति कहना चाहिए ना?




# लू ने ली 20 लोगों की जान

**नई दिल्ली ,19 जून 2023(ए)।** यूपी के बाद अब ओडिशा में भी गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। पिछले दो से तीन दिनों में ओडिशा में तपती दोपहरी और लू की वजह से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। भुवनेश्वर में स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ऑफिस ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि लू की वजह से राज्य में 20 लोगों की जान चली गई है।

स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ऑफिस की ओर से कहा गया है कि अब तक हमें कथित लू से 20 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। बालासोर जिले में भी लू से एक लोगों की मौत हुई है। इस संबंध में जिलों के कलेक्टर और जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने का भी ऐलान किया गया है।

एसआरसी ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान का हवाला देते हुए कहा है कि राज्य में अगले 3-4 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी गई है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को तपती दोपहरी में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। इसके साथ-साथ लोगों को खुद को हाइड्रेटेड रखने और ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी गई है।

आईएमडी के मुताबिक, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई थी। झारसुगुड़ा सबसे गर्म शहर रहा है। जहां साढ़े बजे शहर का तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद दूसरे नंबर पर संबलपुर रहा जहां का तापमान 36.4 डिग्री दर्ज किया गया।

लू की वजह से यूपी में भी मौतें देखने को मिली है। यूपी के बलिया जिले में लू की वजह से पिछले तीन दिनों में 57 लोगों की मौत हुई है। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट का ट्रांसफर कर दिया है।

# गैंगस्टर प्रिंस को 300 बैंक अकाउंट के जरिए पहुंचती है रंगदारी की रकम

» महिला सहित गैंग के 10 गुर्गे गिरफ्तार

**धनबाद,19 जून 2023 (ए)।** खाड़ी देश से धनबाद में गैंग ऑपरेट कर रहे वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान तक रंगदारी की रकम पहुंचाने के लिए तकरीबन 300 बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल होता है। इन खातों की जांच के दौरान पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए लोग प्रिंस गिरोह द्वारा वसूली जा रही रकम को कलेक्ट करने से लिए अलग-अलग बैंक खातों के जरिए ट्रांजैक्शन करते थे। इन लोगों ने प्रिंस गैंग को मिली करीब तीन करोड़ की राशि का ट्रांजैक्शन किया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों में वासेपुर के कमरमखदुमी रोड के रहने वाले सद्दाम अंसारी और उसकी पत्नी नरगिस बानो, सिराज अंसारी उर्फ छोटू, बाबर अहमद खान, माजिद अंसारी, अमन कुमार वर्मा, संतोष गोस्वामी हैं। सभी के प्रिंस खान गिरोह से होने के प्रमाण मिले हैं। इनमें शादाब व सद्दाम, गिरोह के प्रमुख सदस्य हैं। सद्दाम के पास रुपयों का पूरा लेखा-जोखा रहता था। राशि को कहां किसके पास और कितना भेजना है यह काम नरगिस बानो के जिम्मे था।

अब तक जो साक्ष्य मिले हैं, उसके मुताबिक पिछले छह महीने में 300



बैंक अकाउंट्स से तकरीबन एक करोड़ की राशि का ट्रांजैक्शन प्रिंस के लिए किया गया है। अनुमान है कि ट्रांजैक्शन की राशि तीन करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। पुलिस ने 90 बैंक अकाउंट को सीज करने के लिए बैंकों को पत्र लिख दिया है।

धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लाख नकद और एक देसी कट्टा, चार कारतूस, एक रजिस्टर भी पुलिस ने बरामद किए हैं। रजिस्टर में रंगदारी से वसूली गई राशि का उल्लेख है। प्रिंस खान के पूरे नेटवर्क में तकरीबन दो दर्जन से अधिक अपराधी सक्रिय हैं। जिन्हें पुलिस की स्पेशल टीम अब भी ढूंढ़ रही है। प्रिंस खान जिन लोगों की मदद से किसी के घर पर फायरिंग करवाता था। पुलिस वैसे कुछ लोगों को ढूंढ़ रही है। जबकि, कुछ अपराधियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। प्रिंस खान के लिए गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले जितने अपराधियों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा है, सभी के परिजनों को प्रिंस खान प्रत्येक महीने आर्थिक मदद भेजता था।

बता दें कि गैंग ऑफ वासेपुर के इस डॉन ने धनबाद शहर में आतंक मचा रखा है। उसके गैंग द्वारा फायरिंग, मर्डर, बमबारी की घटनाओं और धमकियों के चलते कई कारोबारी घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। प्रिंस, वासेपुर के सबसे बड़े डॉन रहे फहीम खान का भांजा है, अब उसकी अपने मामा फहीम खान के गिरोह से अदावत है। प्रिंस ने खाड़ी के किसी देश में पनाह ले रखी है और वहीं से धनबाद में अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। प्रिंस के विदेश भागने का खुलासा पिछले दिनों सीआईडी की जांच में हुआ था।



# 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई कार

**बेंगलुरू,19 जून 2023(ए)।** बेंगलुरू में राजराजेश्वरी नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी और उसे 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गए, जिससे एक डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना रविवार देर रात की है। मृतक की पहचान मैसूर जिले के एच.डी. कोटे के निवासी प्रसन्ना कुमार के रूप में हुई है, जो एक फूड डिलीवरी ऐप के लिए डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था।

वह रोजी-रोटी कमाने के लिए बेंगलुरु आया था। टक्कर मारने वाले विनायक को लोगों ने जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी विनायक एक कार शोरूम में सेल्स एक्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता था। उसे इंसेंटिव मिला था जिसके बाद उसने अपने दोस्तों के साथ पार्टी की। तीन लड़कियों समेत उसके दोस्त नशे की हालत में कार में सफर कर रहे थे। वह अपने एक दोस्त को राजराजेश्वरी नगर स्थित घर छोड़ने जा रहा था। कार पीछे से बाइक में टकरा गई और दुर्घटना के बाद आरोपियों ने वाहन नहीं रोका और शव को 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। बाद में आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की। हादसे को देख लोगों ने एक किलोमीटर तक कार का पीछा किया और विनायक को पकड़ लिया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि तीन लड़कियां और एक लड़का मौके से फरार होने में सफल रहे। गुस्साई भीड़ ने कार का शीशा तोड़ दिया और आरोपी को बयातारायणपुरा ट्रैफिक पुलिस को सौंप दिया।

संपादकीय

# गलवान के तीन साल

अनेक जानकार मानते हैं कि चीन के मामले में नेहरू सरकार की कुछ अस्थिर नीतियां 1962 में भारत को बहुत महंगी पड़ी थीं। गलवान कांड के तीन साल बाद अगर वैसी ही आशंका मंडरा रही है, तो वह बेवजह नहीं है।

गलवान घाटी की दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना की तीसरी बरसी एक उचित अवसर है, जब चीन के मामले में भारत की नीति का एक ठोस आकलन किया जाए। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई उस हिंसक झड़प के तीन साल गुरुवार को पूरे हुए। इस बीच दोनों देशों के संबंध में तनाव बना रहा है और कई बार उसके खतरनाक रूप लेने के संकेत भी मिले हैं। इसके बावजूद इस बारे में भारत सरकार को कोई स्पष्ट नीति अपना पाई है या असल हालत के बारे में देश को भरोसे में ले पाई है, यह नहीं कहा जा सकता। सारी स्थिति तो उस घटना के चार दिन बाद ही- यानी 19 जून 2020 को उलझ गई थी, जब सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया था कि 'ना कोई घुसा है और ना कोई घुसा हुआ है।' तब से भारत सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों की सारी ऊर्जा प्रधानमंत्री की बात को सही ठहराने में लगी है, हालांकि इस बीच तमाम किस्म के विपरीत संकेत मिलते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अगर कोई भारतीय सीमा के अंदर घुसा नहीं था, तो गलवान घाटी में झड़प क्यों हुई और उसके बाद डेढ़ दर्जन से ज्यादा बार दोनों देशों के सैनिक कमांडरों के बीच किस मुद्दे पर बात हुई है? इस मामले में उलझाने वाला सबसे ताजा बयान हाल में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने भारतीय जमीन पर कोई कब्जा नहीं किया है, लेकिन उसने अपने सैनिकों की फॉरवर्ड पोस्टिंग की है और वही तनाव का कारण है। जाहिर है, इस बात का सही अर्थ समझना कठिन है और इसीलिए इसका आसानी से गले उतरना भी मुश्किल है। दरअसल, यह समझना भी मुश्किल बना रहा है कि चीन अगर भारत के खिलाफ आक्रामक मुद्रा में है, तो भारत सरकार उसकी मंशाओं पर परदा डालने के प्रयास में क्यों जुटी रही है? अनेक जानकार मानते हैं कि चीन के मामले में नेहरू सरकार की कुछ अस्थिर नीतियां 1962 में भारत को बहुत महंगी पड़ी थीं। गलवान के तीन साल बाद अगर वैसी ही आशंका मंडरा रही है, तो वह बेवजह नहीं है।

# पितृ दिवस पर विशेष

इस दुनिया में हमारा शुभ आगमन हमारे पूजनीय माता-पिता की मर्जी के अनुसार हुआ है! जीवन में मां और बाप दोनों का अपना-अपना महत्व होता है! क्योंकि बात पितृ दिवस की हो रही है तो मैं बात पिता की ही करूंगा! परिवार में पिता का अपना एक विशेष स्थान तथा महत्व होता है! परिवार चलाने की, परिवार के अनुशासन की, परिवार के दुख सुख की जिम्मेवारी पिता की होती है! पिता चाहे नौकरी करता हो, व्यवसाय चलाता हो या मजदूरी करता हूं... उसका मुख्य उद्देश्य परिवार हित ही होता है! पिता अपने बच्चों को अपने से भी बड़ा बनाना चाहता है! बच्चों के छोटा होने पर उंगली पकड़कर चलना सिखाता है, विद्यार्थी होने पर अपने बच्चों को अच्छी सी अच्छी तालीम दिलाता है, अच्छे संस्कार देता है, जब पिता अपने छोटे बच्चे को कंधे पर बैठाता है या फिर घोड़ा बनकर पीठ पर बैठाता है, उसे जो आनंद की अनुभूति होती है उसका केवल पिता को ही पता होता है! पिता को अपने बच्चों की नौकरी तथा विवाह शादी की बहुत चिंता होती है! वह चाहता है कि उसके बच्चों का रिश्ता सुसंस्कृत परिवारों में हो जाए ताकि सुख शांति बनी रहे! पिता अपने परिवार के लिए एक-एक पैसा बचाकर मकान बनवा ता है ताकि परिवार के सदस्यों को कोई तकलीफ ना हो! पिता पूर्ण तौर पर ईमानदारी से अपने परिवार के प्रति समर्पित होता है लेकिन अफसोस की बात यह है कि सारा कुछ करने के बावजूद भी पिता को आजकल वह इज्जत, मान सम्मान नहीं मिलता, परिवार के सदस्य उसका कहना उसी तरह नहीं मानते जिस तरह कि वह अपने पिता का कहना मानता था! ऐसा लगता है कि आज के युग में परिवार रूपी गाड़ी का कंट्रोल पिता के हाथों से निकलकर बेटों के हाथ में आ रहा है! पिता की अवज्ञा करके बेटे तथा बेटियां मनमानी करते हैं, फिजूलखर्ची करते हैं, स्वास्थ्य को खराब करने वाली चीजें खाते हैं, नैतिक मूल्यों की परवाह नहीं करते, हर काम में जल्दी करते हैं! बेशक आज के बच्चे ज्यादा पैसे कमाने के कारण अपने पिता को कुछ न समझते हो लेकिन पिता तो पिता ही होता है! आज के बच्चे पिता की नसीहत तो नहीं लेना चाहते लेकिन उसकी वसीयत लेना चाहते हैं! लेकिन आज के नौजवान बेटों को यह समझना चाहिए जब वह अपने पिता की तरह उमर दराज हो जाएंगे तो उनके बेटे भी उनके नक्शे कदम पर चल कर इनके साथ वैसा ही व्यवहार करेंगे! पितृ दिवस पर सबसे बड़ा संदेश बच्चों के लिए यही है कि वह अपने पिता को मान सम्मान दें, पिता की आज्ञा का पालन करें, बीमार होने पर पिता की देखभाल और सेवा करना अपना सौभाग्य समझे! माता पिता परमात्मा का दूसरा रूप होते हैं! पितृ दिवस पर हर बेटे और बेटी को अपने पिता से अपने हित के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए! संस्कारी बेटों को देखकर पिता का सीना 56 इंच से भी ज्यादा चौड़ा हो जाता है!




**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक हरियाणा

# इंसान को लील लेगी कृत्रिम बुद्धि (एआई)

आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) एक खतरा, अब एक खौफ, डर है। इस हद तक कि ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन खुद एआई के खतरों का सिनेरियो दिखला रहे हैं। यह ऐसा ही है जैसे कोई सेल्समैन अपने ही प्रोडक्ट की कमियां गिनवाए, खतरे बताए! अमेरिकी सीनेट की जुडिशल सब कमेटी के साथ एक मीटिंग में ऑल्टमैन ने सांसदों से अपील की कि एआई को नियंत्रित करने के लिए जल्द कानून बनाए। उन्होंने आगाह करते हुए कहा, ÷मेरा विचार है यदि इस तकनीक ने हानिकारक रूप ले लिया तो यह बहुत खतरनाक होगा। हमें इस बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए।÷

कोई संदेह नहीं कि अनजाने ही एआई की तकनीक बहुत तेजी से विकसित हो गई है। अचानकवह आधुनिक जीवन के कई पहलुओं को बदल रही है। हमारे फ़ोन में पहले से ही सिरी और एलेक्सा वर्चुअल असिस्टेंट हमारी सेवा में हैं। स्पोटीफाय और यूटयूब में एआई हम सबको बताता है कि बम क्या देखने और सुनने में दिलचस्पी रखते है। एआई अब सोशल मीडिया पर हावी है। हमें सलाह देता है कि हमारी दिलचस्पी किन पोस्टों में है। यह एक ऐसी बला है जिस पर अपने आप, अनजाने निर्भर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि इसके बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है। यह वैज्ञानिकों और अविष्कारकों के बीच विवाद का मुद्दा बन गया है। हर चर्चा में एआई के बारे में ऐसे नए खुलासे होते हैं जिससे मनुष्य का अस्तित्व संकट में आता लगता है।



चैटजीपीटी, स्नेपचेट, माय एआई इत्यादि को 'जनरेटिव' एआई कहा जाता है। इनके कारण ही एआई सुर्खियों में है। सभी इनके बारे में और जानना चाहते हैं। हम सभी ने अपराध बोध के साथ या ख़ुशी-ख़ुशी इनके साथ प्रयोग किए हैं, इनके साथ खेला है और इनके उत्तरों से मुग्ध हुए हैं। और यह हम सभी ने किया है फिर चाहे हम एआई पर चल रही बहस में किसी भी तरफ क्यों न हों।

कई लोग एआई के दिए जवाबों में ईश्वर, दुनिया के राजनैतिक भविष्य और युद्धों के संबंध में जानकारी से आहत है। वे सब इस मांग से सहमत है कि एआई को रोका जाए। पिछले महीने ज्यॉफ्री हिंटन, जिनके बारे में माना जाता है कि वे एआई के भीष्म पितामहों में से एक हैं, ने गूगल की नौकरी यह चेतावनी देते हुए छोड़ दी कि आईटी चैटबोट्स जल्दी ही मनुष्यों से अधिक होशियार बन सकते हैं। इसके अलावा रोजगार घटने और मनुष्य के सोचने की क्षमता में जंग लग जाने का खतरा तो है ही। गलत हाथों में जाने पर एआई आतंकी हथियार भी बन सकता है। परन्तु सबसे बड़ी फ़िक्र है मानव जाति का अस्तित्व ही समाप्त हो जाने की। अमेरिका के सेंटर फॉर एआई सेफ्टी ने टेक्नोलॉजी के दर्जनों ज्ञानियों द्वारा अनुमोदित एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि एआई का इस्तेमाल झूठी बातें फैलाने के लिए किया जा सकता है जिससे समाज में अस्थिरता आ सकती है। और यह भी कि मशीनें इतनी प्रतिभाशाली बन सकती हैं कि दुनिया पर उनका राज हो जाए और ऐसे में मानव जाति नष्ट हो सकती है।

सचमुच बहुत चिंताजनक है कि क्लाइमेट चेंज नहीं वरन् हमारा अपना दिमाग हमारी दुनिया में कयामत लायेगा।सो विकसित देशों की सरकारें रात-दिन काम में जुटी हैं। ऐसे कानूनों को तैयार करने और पारित करने में व्यस्त हैं जिनसे एआई के उपयोग को रेग्युलेट किया जा सके। यूरोपीय यूनियन इस मामले में सबसे आगे है। उसने ऐसा कानून पारित करने की दिशा में कदम उठा लिया है। योरोपीय संघ की संसद में बिल आ गया है। जिसके तहत पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे की पहचान करने की लाइव तकनीक का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। सभी कपंनियों को इस नए कानून का कड़ाई से पालन करना होगा।

कारपोरेट और आर्थिक दुनिया में एआई इस तिमाही का मंत्र बन गया है। उद्योगों के कर्ताधर्ताओं को उम्मीद है कि निवेशकों का ध्यान इस बात पर ज़रूर जायेगा कि उनकी ताजा तिमाही कारोबारी रपट में एआई का जिक्र बार-बार है। एआई से जुड़े क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों और कंपनियों को इसका भरपूर लाभ हो रहा है जैसे चिप बनाने वाली कंपनी नीवीडिया अब एक हजार अरब डालर की कंपनी बन गई है। अल्गोरिद्म बदले जा रहे हैं, सुधारे जा रहे हैं और उनके ज़रिये बनाये गए सोशल फीड्स का इस्तेमाल बड़ी संख्या में लोगों को बहकाने, उनमें गलतफहमियां पैदा करने के लिए किया जा रहा है। एआई का इस्तेमाल ऐसी प्रणालियाँ को बनाने के लिए किया जा रहा है जो मकानों के मामले में और संपत्ति बंधक रख कर लोन लेने के मामलों में भेदभाव को स्थाई बना देंगीं। एआई से संचालित निगरानी तकनीकी, अश्वेत और एशियाई लोगों को आबादी में उनकी प्रतिशत से अधिक निशाना बनाती है। एआई का उपयोग हथियारों को ऑटोमेट करने के लिए किया जा रहा है। इससे ड्रोन आदि के ज़रिये हमले अधिक सटीक हो सकेंगे।

इसलिए दुनिया और विशेषकर अमरीका के लिए एआई को रेगुलेट करने का ढांचा बनाना महत्वपूर्ण होता जा रहा है। परन्तु यूरोपियन यूनियन के अलावा कहीं भी इसमें वांछित प्रगति नहीं हुई है। बल्कि यह शुरूआती अवस्था में ही है। यही चिंता का सबब है और इसलिए एआई तकनीकी के विकास को रोकने की बात कही जा रही है। अगर दुनिया की सरकारों और कानून निर्माताओं ने वही गलतियाँ कीं जो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों को नियंत्रित करने के कानून बनाते समय की थीं तो इसके बहुत भयावह परिणाम हो सकते हैं।

**श्रुति व्यास**

# राष्ट्रवाद इस बार तीसरे नंबर पर

भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछला यानी 2019 का लोकसभा चुनाव राष्ट्रवाद के मुद्दे पर लड़ा था। चुनाव की घोषणा से ऐन पहले पुलवामा कांड हुआ, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक काफिले पर भीषण आतंकवादी हमला हुआ था। उस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद भारत सरकार ने बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक किया। सो, पूरा चुनाव एक इसी मुद्दे पर शिफ्ट कर गया था। प्रधानमंत्री मोदी की सभाओं तक में शहीद जवानों की फोटो लगा कर वोट मांगे गए थे। राष्ट्रवाद का ऐसा ज्वार उठा कि पांच साल के शासन में जो कुछ भी सत्ता विरोधी माहौल बना था वह उसमें बह गया।

राष्ट्रवाद की इस लहर पर जीत कर आई नरेंद्र मोदी की दूसरी सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का बड़ा फैसला किया। न सिर्फ इस अनुच्छेद को खत्म करके जम्मू कश्मीर का दर्जा बदला गया, बल्कि राज्य का विभाजन कर दिया गया। यह आमतौर पर माना जाता था कि अनुच्छेद 370 खत्म नहीं हो सकता है। लेकिन भाजपा की सरकार ने वह कर दिखाया। उसके बाद सिर्फ यह प्रचार नहीं होता है कि भाजपा ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया, बल्कि इसको ऐसे कहा जाता है कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर को भारत में मिलाया। हाल में तमिलनाडु के दौरे पर गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वहां की रैली में कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को भारत में मिलाया। भाजपा ऐसे प्रचार करती है, जैसे कश्मीर पहले पूरी तरह से भारत का हिस्सा नहीं था लेकिन मोदी सरकार ने वह कर दिखाया। इस बार भी यह संभावना जताई जा रही है कि चुनाव से पहले कुछ ऐसा हो सकता है, जिससे राष्ट्रवाद का ज्वार उठे। चीन के साथ लगती सीमा पर जिस तरह से तैयारियां चल रही हैं या जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के साथ साथ एनआईए की जैसी कार्रवाई चल रही है, उसे देखते हुए सीमा पर किसी बड़ी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। राष्ट्रवाद को भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी एजेंडा मानने वाले कई लोग यह अनुमान भी लगा रहे हैं कि बुरी तरह से कमजोर पड़ रहे पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी स्ट्राइक हो सकती है। सोशल मीडिया में इस बात की चर्चा चलती है कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में मिलाया जा सकता है। हालांकि चुनाव से पहले इस तरह की दुस्साहसी कार्रवाई नुकसानदेह भी हो सकती है। वैसे हिंदुत्व और नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू वाली छवि इतनी मजबूत बनाई जा रही है कि शायद इस बार राष्ट्रवाद के किसी उकसाने वाले मुद्दे की जरूरत नहीं लगे। तभी इसके तीसरे स्थान पर रहने की संभावना है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई, अमृतपाल जैसे सिख कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई आदि के ऐसे मुद्दे हैं, जो चुनाव के समय प्रचार के केंद्र में रहेंगे। मोदी को सबसे बड़ा राष्ट्रवादी और विपक्षी नेताओं को देशविरोधी ठहराने का प्रचार चलता रहेगा।

**हरिशंकर व्यास**

# योग से अपने जीवन को स्वस्थ व शक्तिशाली बनाएं

## » निरोगी काया के लिए योग अद्भुत विधा

योग स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है। अर्वाचीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत पाठशाला योग भी है। योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है।

निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है।

योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं।

कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है।

योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था। इसके बाद पूरे विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई योग गुरु ने अनथक प्रयास कर योग को विश्वव्यापी फलक पर विराजमान किया। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसकी पहल कर 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में अपने भाषण में उल्लेख कर इसे प्रतिपादित किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि योग शारीरिक तथा मानसिक सामंजस्य का अद्भुत सहयोग तथा तरीका है। यह मनुष्य तथा प्रकृति के बीच का एक सामंजस्य स्थापित करने वाला अद्भुत से सेतु है। और तब 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ में उसके 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सहमति देकर इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इस प्रस्ताव को बहुत ही कम समय में मंजूरी प्रदान कर दी गई, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास की सबसे कम समय में दी गई मंजूरी थी।

योग के वैसे तो अनगिनत फायदे हैं। और हम यह कह सकते हैं कि योगाभ्यास ईश्वर द्वारा मानव सभ्यता को दिया गया अप्रतिम उपहार है। योग किसी चमत्कार से कम नहीं।जिन असाध्य बीमारियों का वर्तमान चिकित्सा पद्धति से इलाज नहीं हो पाता,योग उन बीमारियों को शनै शनै उपचार कर ठीक कर देता है। यह शारीरिक मानसिक शांति ऊर्जा शक्ति तो देता ही है, साथ में हमें आत्म संयम, आत्मबल तथा आत्मज्ञान से भी रूबरू कराता है। योग बहुत ही आसान व्यायाम है,यह दैनिक क्रियाओं के साथ स्वस्थ शरीर और मन की क्रिया है। नाड़ी शोधन, कपालभाति, शीतली, अनुलोम विलोम जैसी क्रियाओं से शरीर में प्राण वायु की संतुलित मात्रा बढ़ती है, एवं स्नायु तंत्र मजबूत होता है। कोरोना संक्रमण काल मे कपालभाति,अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के कारगर उपायों में गिना जाता रहा है, और इसने मरीजों की बहुत मदद भी की है। योग से रोगों की तीव्रता कम हो जाती है, तथा कई रोगों से छुटकारा भी मिल जाता है।अतः आप सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं स्वस्थ रहें मस्त रहें निरोगी रहें।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# कहां से कहां जा सकती है जिंदगी

ऐसे लोग बहुत कम मिलेंगे, जिन्होंने विख्यात गजल गायक जगजीत-चित्रा का नाम न सुना हो। जगजीत और चित्रा की सक्सेस स्टोरी के पीछे फिराक गोरखपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

1965 में 24 साल की उम्र में पंजाबी युवक जगजीत सिंह परिवार को बताए बगैर ही मुंबई पहुंच गए थे। जगजीत का इरादा तो मुंबई की फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने का था, परंतु फिल्म इंडस्ट्री इस तरह की नई प्रतिभाओं के लिए लाल जाजिम बिछाए नहीं बैठी रहती। जगजीत सिंह ने संघर्ष करना शुरू किया, बहुत संघर्ष किया। फिल्म इंडस्ट्री को उन्होंने करीब डेढ़ दशक का समय दिया, पर उन्हें विज्ञापनों के जिंगल गाने के अलावा और कोई काम नहीं मिला। इस बीच उन्हें एक गायिका से मिलने कि मौका मिला। वह गायिका थी चित्रा दत्त।

चित्रा का मूल नाम चित्रा सोम था। 16 साल की उम्र में चित्रा एक स्टेज पर परफार्मेंस कर रही थीं, तभी आडियंस में बैठा एक युवक देबो दत्त उन्हें देख कर घायल हो गया था। देबो कार्पोरेट कंपनी में बहुत अच्छी नौकरी करता था। वेतन भी बहुत अच्छा था। उसे रहने के लिए साउथ बॉम्बे में बढ़िया फ्लैट मिला था। देबो-चित्रा ने विवाह कर लिया। साल भर बाद चित्रा ने बेटी मीनिका को जन्म दिया। इसके लगभग सात साल बाद जगजीत सिंह और चित्रा की मुलाकात हुई। चित्रा जगजीत से एक साल बड़ी थीं और बड़े घर की बहू भी थीं, पर पति ने एक दिन चित्रा से बड़ी खुशी-खुशी कहा, %तुम अच्छा गाती हो, इसलिए इसी दिशा में आगे बढ़ो। मैं भी एक दूसरी दिशा में आगे बढ़ना चाहता हूं।%

इशारा स्पष्ट था- चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाएं हम दोनों। पति-पत्नी के बीच डिवोर्स की कार्यवाही शुरू हुई। वह साल था 1968 का। चित्रा बेटी को लेकर एक कमरे और रसोई वाले फ्लैट मे रहने लगीं। संगीत की दुनिया में चित्रा ने संपर्क काफी घटा लिए थे, पर एक साल पहले दोस्त बने जगजीत से संपर्क बनाए रखा और अब तक यह संपर्क बहुत प्रगाढ़ हो गया था। जगजीत सिंह चित्रा से विवाह करने को तैयार थे, परंतु चित्रा के डिवोर्स की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई थी। ऐसे में 1970 में एक दिन जगजीत सिंह खुद चल कर चित्रा के पूर्व पति देबो से मिलने गए और उनसे कहा कि %मैं तुम्हारी पत्नी से विवाह करना चाहता हूं।% देबो को भला क्यों एतराज होता? चित्रा अब उनकी पूर्व पत्नी थी। देबो को नई पत्नी मिल चुकी थी और उससे उसे एक बेटी भी हो चुकी थी, इसलिए देबो ने जगजीत को प्यार से शुभकामना दी। जगजीत-चित्रा ने विवाह कर लिया। विवाह में कुल 30 रुपए खर्च हुए। तबलावादक हरीश ने पुजारी की व्यवस्था की और गायक भूपिन्दर सिंह दो हार और मिठाई लेकर आए थे।

जगजीत सिंह के साथ विवाह के डेढ़ साल बाद चित्रा को बेटा विवेक पैदा हुआ, जिसकी आगे चल कर दुर्भाग्य से केवल 18 साल की उम्र में मुंबई के मरीन लाइंस के विश्व प्रसिद्ध मार्ग पर दुर्घटना में मौत हो गई। चित्रा के पहले विवाह से हुई बेटी मोनिका ने दो संतानों और दो विवाहों के बाद 50 साल की उम्र में 2009 में आत्महत्या कर ली थी। चित्रा को अपनी दो-दो संतानों की मौत देखनी पड़ी। बेटी की आत्महत्या के दो साल बाद 2011 में पति जगजीत सिंह की भी ब्रेनहेमरेज में मौत हो गई। चित्रा आज अकेली हैं और उनकी उम्र 83 साल है। जिंदगी कहां से कहां पहुंचा सकती है, यह एक दिल को कंपा देने वाली कहानी है।

खैर, फिर 1970 में वापस लौटते हैं। विवाह के बाद जगजीत-चित्रा ने गायिकी के बल पर सफलता पाने और घर चलाने का संघर्ष साथ मिल कर शुरू किया। गाने के छोटेमोटे एसाइनमेंट की बदौलत जैसे-तैसे काम चल जाता था। जगजीत सिंह गजल गायक के रूप में प्रसिद्धि पाना चाहते थे। परंतु भारत में गजल गायकी का बहुत जोर नहीं था। एक जमाने में तलत महमूद गजलगायक के रूप में ठीकठाक प्रसिद्धि पा चुके थे। पर 1970 के दशक में गजल गायकी का क्षेत्र बहुत विशाल नहीं था और इस क्षेत्र में जिन नामों का दबदबा था, वे नाम पाकिस्तानी थे। ऐसे में भारत में गजल गायकी की आवाज के रूप में उभरने का काम बहुत मुश्किल था। परंतु जगजीत सिंह जल्दी हार मानने वालों में नहीं थे। 1977 में उन्होंने गजल-नज्म का एक अलबम निकाला। उसका नाम था- द अनफरेगेटब्स। यानी कि अविस्मरणीय। यह सचमुच अविस्मरणीय साबित हुआ। भारत में गजल गायकी के क्षेत्र में यह अलबम पत्थर का मील साबित हुआ। 2011 में ब्रिटिश अखबार द इंडिपेंडेंट के एक लेख में इस अलबम के बारे में इस प्रकार लिखा गया था-%यह अलबम परिवर्तनकारी साबित हुआ। जैसे ईशा पूर्व और उसके बाद के समय का विभाजन होता है, उसी तरह यह अलबम लोकप्रिय भारतीय गजल संगीत के क्षेत्र में पूर्व और बाद के बीच का माइलस्टोन बना और आज भी इसका माइलस्टोन के रूप में स्थान बरकरार है।%

यह ऐतिहासिक अलबम तैयार करते समय जगजीत सिंह को इस बात का पूरा ख्याल था कि एकदम दमदार और सरल-लोकप्रिय कृतियों को ही पेश करना है। इस अलबम के लिए उन्होंने चुनिंदा शायरों को ही चुना। जिन चुनिंदा शायरों को उन्होंने चुना था, उनमें एक थे रघुपति सहाय उर्फ फिराक गोरखपुरी। फिराक की उन्होंने एक नहीं, दो-दो गजलें इस अलबम में रेकॉर्ड की थीं। जिनमें एक थी- रात भी नींद भी कहानी भी, हाय हाय क्या चीज है जवानी भी। और दूसरी गजल थी- बहुत पहले से उन कदमों की आहट जान लेते हैं, तुझे ये जिंदगी हम दूर से पहचान लेते हैं।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा-(उ.प्र.)

# गर्मी के दोहे

सूरज आतिश बन गया,
गर्मी के आयाम।
कैसे कटें पहाड़ दिन,
ढूँढें सब आराम।।
घर के भीतर हैं घुसें,
दिन बन गये पहाड़।
कटता किंचित है नहीं,
दिन गर्मी में भाड़।।
लू का तो आक्रोश है,
बिलख रहे इंसान।
कुंओं,नदी की खो गई,
देखो सारी आन।।
कर्फ्यू सड़कों पर लगा,
आतंकित हर एक ।
सूरज के तो आजकल,
नहीं इरादे नेक ।।
कूलर,पंखे हँस रहे,
ए.सी.का है मान ।
ठंडे ने इस पल शरद',
पाई नूतन शान ।।
कोल्डड्रिंक भाने लगे,
कुल्फी पर है गौर ।
शीतल जल की मांग है,
ठंडे का है दौर ।।
किरणें ना किरणें लगें,
बरस रही है आग ।
बचना यदि चाहो 'शरद', तो लो
बचकर भाग ।।
कम्बल अब बेकार हैं,
बिरथा ऊनी वस्त्र ।
किरणें हमले कर रहीं,
बनकर तीखे शस्त्र ।।
पानी जैसा बह रहा,
तन से अविरल स्वेद ।
इस मौसम में हो रहा,
हर इक जन को खेद ।।
दिन पहाड़ से बोझ हैं,
बने हुये अभिशाप।
दिन पर दिन बढ़ने लगा,
सूरज का तो ताप।।



**प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे**
मंडला,मध्यप्रदेश

# मेरे प्रियतम का मुंह सुंदर

चाँद का मुँह टेढ़ा सा,
सूर्य का अग्नि सा तपा।
आकाश का मुँह अति विशाल,
पवन के मुँह का न ओर -छोर।
गिरिराज का मुँह लम्बा -तीखा,
सरिता का मुँह बहता सा।
सागर का गहरा सा,
पुष्प का महकता सा।
धरा का मुँह उबड़-खाबड़,
पेड़ों का हिलता सा ।
कितने मुँह है इस जहां में,
काले -गोरे सुंदर -सुंदर,
पर मुझको तो लगता हैं. ..
मेरे प्रियतम का मुँह सुंदर।



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा, राजस्थान

# कहाँ से मिलेगी शुद्ध हवा

जब जंगल नहीं बचेंगे
तब कैसे रह पाओगे
इस धरा की गर्मी से
जलकर खुद मर जाओगे
कहाँ से मिलेगी शुद्ध हवा
कहाँ से मिलेगा पीने को पानी
पेड़ बचेंगे तभी तो मेघ बरसेंगे
तभी बचेगी हमारी ज़िंदगानी
पेड़ नहीं होगा तो सोचो
छोटे बड़े पक्षी कहाँ जाएंगे
बेघर कर दोगे तुम उन्हें
वह घोंसला कहाँ बनाएंगे
पेड़ों के बिना बहुत दूषित हो जाएगी
जिससे हम ज़िंदा हैं वह वायु
कई ब्याधियाँ चिपकेगी शरीर से
घटती जाएगी मानव की आयु
ठंडी छाया तभी मिलेगी सबको
जब पेड़ बढ़ेंगे फलेंगे फूलेंगे
सावन में उन पेड़ों पर सोचो
तभी तो फिर झूले झूलेंगे
खट्टे मीठे फल भी मिलेंगे
तुमको हर मौसम में खाने को
मत काटो तुम इन पेड़ों को
यह नहीं हैं केवल जलाने को
पेड़ नहीं होंगे तो मानुष सोचो
कैसे तुझे जलाया जाएगा
लकड़ी नहीं होगी जलाने को
तब कुत्ता बिल्ला नोच नोच कर खायेगा
जब धरा का बढ़ जाएगा तापमान
बैठने को नहीं मिलेगी ठंडी छाया
पछताओगे अकेले में बैठकर फिर
हमने क्या खोया और क्या पाया



**रवींद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं बिलासपुर हिमाचलप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# रकम दोगुनी करने के नाम पर 12 लाख 65 हजार ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

द ग्लोबल करेंसी नामाक कंपनी में रुपए लगाने पर डबल करने का झांसा देकर 12 लाख 65 हजार 200 रुपए यूपीआई आईडी से ऑनलाइन ठगी करने के मामले में सरगुजा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को सूरज गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 64 हजार नगद, 2 नग लौपटॉप, 6 नग मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुलायम सिंह यादव पिता महेश्वर यादव उम्र 24 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम भेडिया धौरपुर का रहने वाला है। 20 फरवरी 2023 को इसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था और बताया था कि मैं द ग्लोबल करेंसी नामाक कंपनी से बोल रहा हूं। मेरे कंपनी में रुपए इनवेस्ट करने पर रकम दोगुनी की जाती है। मुलायम सिंह इसके झांसे में आ गया और अपना रुपए डबल कराने के उद्देश्य से 20 से 25 फरवरी 2023 के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल 12 लाख 65 हजार 200 रुपए यूपीआई आईडी से ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद वह अज्ञात व्यक्ति अपना मोबाइल बंद कर दिया। ठगी का शिकार होने पर मुलायम सिंह ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराया। पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इसी क्रम में आईजी रामगोपाल यादव, प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया था। साइबर सेल की मदद से तकनिकी जानकारी प्राप्त होने पर टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूरज गुजरात रवाना हुई थी। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मामले में संदेही अर्जून बेहरा पिता अर्जुन बेहरा उम्र 36 साल निवासी एकतानगर एक रोड सूरज थाना बराछा जिला सूरज गुजरात, कालू चरण आपाटा पिता सउरा आपाटा उम्र 33 वर्ष निवासी नंदियागोडा थाना कबिसूर्यानगर जिला गंजाम उडीसा, युसूफ बना गाडावाला पिता आरून रशीद गाडावाला उम्र 32 साल निवासी रांदेर अमलीपुरा थाना रांदेर जिला सूरत गुजरात व साद आसिफ शेख पिता आसिफ शेख उम्र 29 साल निवासी रांदेर अमलीपुरा थाना रांदेर जिला सूरत गुजरात को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने घटना को कारित करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने चारों अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार कर सरगुजा लाई और इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक रजनीश सिंह, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर सउनि दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक संतकुमार चौहान, सुधीर सिंह, आरक्षक बिरेन्द्र पैकरा, सुयश सिंह, बहादुर एका नरेश सिंह, संजय नागेश, अरविन्द्र तिवारी शामिल रहे।



# दिन दहाड़े बैंक के बाहर से बाइक चोरी करते चोर पकड़ाया

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

शहर के रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित आईडीएफसी बैंक के एक कर्मचारी की बाइक एक व्यक्ति चोरी करते पकड़ा गया। बैंक के कर्मचारियों ने बाइक चोर को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार संदीप नामदेव आईडीएफसी बैंक का कर्मचारी है। वह सोमवार की सुबह बाइक से ड्यूटी आया था और बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर चाय पीने चला गया था। इस दौरान एक चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले जाने लगा। नजर पड़ते ही वह दौड़ाकर उसे पकड़ा। इस दौरान बैंक के अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। लोगों ने चोर को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। इस तरह दिन दहाड़े चोर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बाइक चोर से पूछताछ की तो वह अपना नाम विशाल उर्फ देवा अंबस्ट बताया। जो सकालो का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# हाइवा चालक के साथ मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

एक हाइवा चालक को जबरन बोलेरो वाहन में बैठाकर चोटिया में लाकर मारपीट करने के मामले में 5 साल बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के सनावल कुलुडीह निवासी गयासुद्दीन अंसारी पिता हेयात अंसारी ने उदयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जुलाई 2017 को वह हाइवा वाहन में कोयला लोड कर कमलापुर साइडिंग जा रहा था। तभी रास्ते में साल्ही मोड़ के पास अन्य हाइवा वाहन से हल्की टक्कर हो गई। इसके बाद वह अपना वाहन लेकर गुमगा की ओर आ रहा था, तभी अचानक एक सफेद बोलेरो वाहन ओवरटेक करते हुए सामने आ खड़ा हुआ। इसमें सवार लोगों ने गाली गलौज करते हुए हाइवा से कैसे टक्कर मार दिए कहकर जबरन गयासुद्दीन को अपने बोलेरो में बैठा लिए। फिर उसे चोटिया ले जाकर उसके साथ मारपीट की। हाइवा चालक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा व थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस धारा 341, 294, 506 बी, 323, 385 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी दिनेश शर्मा पिता रामसेवक शर्मा उम्र 41 वर्ष निवासी अमरई परिसर बागसेवनिया जिला भोपाल मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में निरीक्षक रजनीश सिंह, थाना प्रभारी उदयपुर एएसआई समरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक बिरेन्द्र पैंकरा, सुयश सिंह व देवनारायण पैकरा शामिल रहे।



# संजीवनी 108 के पायलट इमरजेंसी सेवा के नाम पर मरीज के परिजन से मांगते हैं रुपए

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां 2 मरीज को रायपुर ले जाने के नाम पर संजीवनी 108 के दो पायल द्वारा 2 हजार रुपए की मांग की गई है। यह मामल सोसल मीडया पर वायरल हो रहा है। जब यह मामला सामने आया तो अस्पताल के जिम्मेदारों ने मामले को संज्ञान में लिया और पायलट से पूछताछ की तो वह मरीज के परिजन से रास्ते में खाना के रुपए में रुपए मांगने की बात स्वीकार की। गौरतलब है कि रविवार की शाम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो गंभीर मरीजों को रायपुर रेफर किया गया था। दोनों मरीजों को हेड इंयूरी थी। यहां से मरीजों को अगर रेफर किया जाता है तो उन्हें रायपुर ले जाने के लिए संजीवनी 108 की सुविधा दी जाती है। दोनों मरीजों को रायपुर ले जाने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच एंबुलेंस के दोनों पायलटों ने मरीज के परिजन से संपर्क कर रायपुर छोड़देने के बदले रुपए की मांग की। पायलटों ने परिजनों से दो-दो हजार रुपए की मांग की थी। जब इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को हुई तो तत्काल मामले को संज्ञान में लिया और मरीज और पायलट से संपर्क किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने मामले का वीडियो भी बनवाया है। वीडियो में पायलट खाने के रुपए में रुपए मांगने की बात स्वीकार किया है।

# क्रेडिट की जारी सेवा निरस्त करने के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

क्रेडिट कार्ड में जारी सेवा निरस्त करने व ओटीपी पूछकर अंबिकापुर निवासी एक व्यक्ति से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 84 हजार 208 रुपए ऑनलाइन ठगी कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार अमित कुमार जायसवाल शहर के भट्टी रोड का रहने वाला है। वह कोतवाली में 30 मार्च 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोबाइल पर फोन किया था और क्रेडिट कार्ड में जारी सेवा को निरस्त कराने की बात बोलकर ओटीपी पूछा। इसके बाद मरे खाते से 84 हजार 208 रुपए ऑटनाइन ठगी हो गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को साइबर सेवल से तकनिकी जानकारी मिलने पर पुलस की संयुक्त टीम ने दिल्ली जाकर ठगी में शामिल दिल्ली से नीति बडेरा पिता स्व. दीपक बडेरा उम्र 24 साल निवासी सी-9 प्लॉट नम्बर 57 मुखराम गार्डन थाना तिलक नगर पश्चिम दिल्ली, पूजा पिता अनूप कुमार उम्र 24 साल निवासी 72 ए नवयुग ब्लॉक विष्णु गार्डन तिलक नगर पश्चिम दिल्ली को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जानकारी मिली थी। उनकी तलाश संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिल्ली में रहकर किया जा रहा था। जो संयुक्त पुलिस चितन पासी आत्मज प्रदीप पासी निवासी न्यू गोविंदपुरा थाना कृष्णानगर पूर्वी दिल्ली, पारस ठाकुर आत्मज महेश कुमार ठाकुर उम्र 27 साल निवासी रामनगर दिल्ली, राहत चौधरी आत्मज दशरत चौधरी उम्र 32 साल निवासी पटपडगंज पूर्वी दिल्ली थाना मधुविहार नई दिल्ली, मो. ईमरान आत्मज महफुज अली उम्र 27 साल निवासी सैनिक इन्कलेव मोहन गार्डन थाना रनहौला उत्तम नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक रामनगीना यादव, सउनि अलंगो दास, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, संतोष गुप्ता, आर अनुज जायसवाल, जितेश साहू, मनीष सिंह, जयदीप सिंह, अमरेश सिंह, सुधीर सिंह शामिल रहे।

# पानी मांगने गए किशोर को पुरानी रंजिश पर बेदम पीटा



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

प्यास लगने पर एक किशोर पानी मांगने एक ग्रामीण के घर गया। वहां पुरानी रंजिश पर दो लोगों ने मिलकर किशोर की बेदम पिटाई कर दी। इससे किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पिता इश्वर प्रसाद यादव बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुर्ताडाड़ का रहने वाला है। वह 18 जून को मवेशी को छोडने ग्राम बाघपानी गया था। शाम को करीब 7 बजे विनोद को प्यास लगने पर वह पानी मांगने बाघपानी में ही कुलदीप के घर गया था। वहां पुरानी रंजिश पर कुलदीप अपने साथी हुकुम के लडक़ा के साथ मिलकर विनोद की लाठी डंडे से बेदम पिटाई कर दी। इससे वह गंभीरा रूप से जख्मी हो गया। जानकारी लगने पर परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया है। विनोद के पिता ईश्वर प्रसाद ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुलदीव व अन्य के खिलाफ धारा 294, 506, 323 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सूरजपुर के खिलाड़ियों ने जीते 7 मेडल, राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने की हौसला अफजाई

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा वुशु एसोसिएशन के तत्वाधान में राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में 18 और 21 मई 2023 को आयोजित कॉम्पिटिशन में सूरजपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें जिले के खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड मेडल और 2 सिल्वर मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने इन खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर मेडल जीतने पर सहयोग राशि प्रदाय कर हौसला अफजाई की और आगामी नेशनल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।



### खिलाड़ियों की छिपी हुई प्रतिभा निकलकर आ रही सामने

पुलिस अधीक्षक श्री एलिसेला ने विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी का लक्ष्य खिलाड़ियों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है, इसके लिए इन होनहार खिलाड़ी युवा पीढ़ी को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इन खिलाड़ियों ने सफलता अर्जित कर सूरजपुर जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि यह उपलब्धि आपकी अटूट ध्येयनिष्ठा, अथक परिश्रम और अद्भुत कौशल का प्रतिफल है। आपका भविष्य स्वर्णिम हो, सफलता का यह क्रम चलता रहे, यही कामना है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, विजेता खिलाड़ी, कोच रूप नारायण यादव, पल्लवी देवांगन, सुनीता राजवाड़े, सरोज पैंकरा, मीरा राजवाड़े मौजूद रहे।

### मेडल जीतने वाले खिलाड़ी

राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर तथा सीनियर वशू मार्शट आर्ट प्रतियोगिता में लालजी यादव, अशोक साहू, प्रकाश सूर्यवंशी, सुरेखा यादव, डोलिता पैंकरा ने गोल्ड मेडल तथा लवलिता पैंकरा, बिजेन्द्र साहू ने सिल्वर मेडल जीता है। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले इन खिलाड़ियों का चयन पुणे महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले नेशनल वूशू चैंपियनशिप के लिए हुआ जो आगामी 26 से 30 जून को होना है।

# नगर पालिका क्षेत्र की मुख्य मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा

- ओंकार पाण्डेय -
सूरजपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।










नगर पालिका क्षेत्र की मुख्य मार्गों पर मवेशियों का 7 जमावड़ा यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी इस मार्ग के विभिन्न गांव व शहरी क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। शहर की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगे रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, लेकिन नगर पालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पशुपालक भी लापरवाह बने हुए हैं। अपने मवेशियों को दिन-रात खुला छोड़ देते हैं, जो सड़कों पर विचरण करते रहते हैं। राज्य सरकार ने हर ग्राम पंचायतों में गोठान का निर्माण कराया है, जहां ऐसे मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई है। लोग अपने घरों में मवेशियों के पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी। किसान जहां पहले बैल व भैंसा से हल जोतते थे और कृषि कार्य में भी इसका उपयोग किया जाता था। परंतु अब इस ट्रैक्टर के युग में बड़े-बड़े किसान भी बैल या भैसा रखना छोड़ ट्रैक्टर से खेती करने लगे हैं। बावजूद इसके अभी भी हर गांव में बड़ी संख्या में मवेशी पालन करते हैं। चारागाह पर अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं, जिसके कारण मवेशी इधर-उधर भटकते रहते हैं। मवेशी विचरण के लिए गांव की चरागाह की तलाश करते हैं, लेकिन जगह नहीं मिलने के कारण मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं। सूरजपुर के मुख्य मार्ग पर जहां-तहां सड़क पर मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है।

### अभियान औपचारिकता मात्र ही रह गया

मवेशियों को संरक्षित करना, फसलों को मवेशियों से बचाना और गोबर से कुदरती खाद बनाना इसका मकसद है। साथ ही गांवों में पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में न छोड़े। इसके लिए भी रोका छेका अभियान के तहत व्यवस्था की गई है। क्योंकि सड़कों पर घूमते मवेशियों की वजह से कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं, जिससे जन धन की हानि होती है। गोधन योजना के तहत गौठान बना है, जहां मवेशियों की देख-रेख और उसका संरक्षण हो सके। लोगों ने इस अभियान की तारीफ की थी, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की वजह से ये अभियान औपचारिकता मात्र ही रह गया है।

### सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के भी सड़कों पर मवेशियों के जमावड़ा लग रहता है जिससे आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोका छेका पुराने समय से ग्रामीण परिवेश के हिस्सा रहा है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन के सुस्त रवैया और लापरवाही के कारण मवेशी आज सड़कों पर है। यह बेहतर योजना है इसमें अगर सक्रियता दिखाए तो यह सबके लिए लाभकारी होगा, लेकिन इस योजना से न तो जनप्रतिनिधि को मतलब है नही प्रशासन को कोई लेना देना।

### यातायात प्रभावित

सड़क पर मवेशियों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। लेकिन इस ओर न प्रशासन का और न कोई संगठन ध्यान दे रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे न केवल पशुधन की क्षति होगी, बल्कि राहगीरों को जान माल नुकसान होगा।

# चाकू से हमले को रोकने के लिए गृह मंत्री सुएला ने दिखाई सख्ती,स्टॉप एंड सर्च अभियान में तेजी के निर्देश

**लंदन,19 जून 2023।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने सोमवार को देश में चाकू से होने वाले अपराध पर नकेल कसने और हमलों को रोकने के लिए स्टॉप एंड सर्च अभियान में तेजी लाने के लिए पुलिस को अपना पूर्ण समर्थन दिया। गृह मंत्री का यह हस्तक्षेप ब्रिटेन में चाकुओं से हमले की तीन अलग-अलग घटनाओं के बाद आया है, जिसमें भारतीय मूल के तीन लोगों की जान चली गई थी।

उत्तरी लंदन में पिछले मंगलवार को हैदराबाद की 27 वर्षीय छात्रा तेजस्विनी कोंथम की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। उसी दिन नॉटिंघम में ब्रिटिश-भारतीय किशोरी ग्रेस ओ%माल्ली कुमार पर चाकू से किए गए घातक हमले की एक और घटना सामने आई थी। शुक्रवार को केरल के 38 वर्षीय अरविंद शिवकुमार की दक्षिण लंदन में एक अपार्टमेंट के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

चाकू से किए गए हमले के तीनों मामलों में संदिग्ध आरोपी फिलहाल हिरासत में हैं और उनपर हत्या का आरोप लगाया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने बताया कि अरविंद शिवकुमार के हत्या के मामले में आरोपी एक 25 साल का व्यक्ति है। स्कॉटलैंड यार्ड (महानगर पुलिस) ने कहा कि उसकी विशेष क्राइम टीम जांच का नेतृत्व कर रही है। शुक्रवार को साउथवार्क के साउथम्पटन वे में एक अपार्टमेंट के बाहर चाकू से किए गए हमले में अरविंद शिवकुमार की मौत हो गई।

महानगर पुलिस ने हत्या की जांच शुरू कर दी है और सलमान सलीम (25) नाम के व्यक्ति पर शनिवार को हत्या का आरोप दर्ज किया, जब वह हिरासत में भेजे जाने के लिए क्रोयडोन मजिस्ट्रेट कोर्ट में उपस्थित हुआ था। सलीम को मंगलवार को लंदन स्थित ओल्ड बेली अदालत में पेश किया जाना है। केम्बरवेल से लेबर पार्टी के सांसद हैरियट हर्मन ने इस घटना के तुरंत बाद ट्वीट किया, साउथम्पटन वे में वीभत्स घटना हुई। शोकसंतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति है।



ब्रेवरमैन ने एक बयान में कहा कि हथियार लेकर चलना हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है। और ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी और अपने आसपास के लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। इस खतरनाक संस्कृति को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता जनता को सुरक्षित रखना है और जो लोग हथियार रखने पर जोर देते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि इसके परिणाम गंभीर होंगे। हिंसा को रोकने और अधिक लोगों की जान बचाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो स्टॉप एंड सर्च अभियान को बढ़ाने के लिए पुलिस को मेरा पूरा समर्थन है।

ब्रिटिश गृह विभाग ने इससे संबंधित आंकड़े भी जारी किए हैं, जो बताते हैं कि पिछले साल इंग्लैंड और वेल्स में चाकू से किए गए हमले में 99 युवाओं की जान चली गई थी और उन पीड़ितों में से 31 अश्वेत थे। ब्रेवरमैन ने कहा, चाकू के हमले से होने वाला हर मौत एक त्रासदी है। इसलिए मैं इस अभिशाप से निपटने में पुलिस का पूरा समर्थन करती हूं। हमें इस हिंसा पर नकेल कसने के लिए अपने दायरे में सब कुछ करने की जरूरत है।

भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री ने इंग्लैंड और वेल्स में सभी 43 पुलिस बलों के मुख्य कांस्टेबलों को स्टॉप एंड सर्च के लिए पुलिस की रणनीति के व्यावहारिक ज्ञान को पूरा समर्थन देने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके अधिकारी अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए तैयार हैं ताकि वे हिंसा होने से पहले उसे रोकने में अधिक सक्रिय हो सकें।

# मैं पीएम मोदी का स्वागत करने को उत्सुक हूं : मैरी मिलबेन

**न्यूयॉर्क,19 जून, 2023।** पुरस्कार विजेता अंतरराष्ट्रीय गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन बुधवार से शुक्रवार तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में प्रस्तुति देंगी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी राजदूत रुचिरा कंबोज द्वारा आमंत्रित मिलबेन बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ नॉर्थ लॉन में शामिल होंगी।

मिलबेन ने रविवार को साझा किए गए एक ट्विटर पोस्ट में कहा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका में इस पहले कार्यक्रम के लिए प्रधान मंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष सिसाबा कोरोसी, राजदूत रुचिरा कंबोज और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के साथ शामिल होने की उम्मीद कर रही हूं।

मिलबेन 15 अगस्त, 2022 को भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में अमेरिका के लिए आमंत्रित सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रदर्शन करने वाली पहली अमेरिकी कलाकार बनीं।

वह शुक्रवार को वाशिंगटन, डीसी में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में यूएस इंडियन कम्युनिटी फाउंडेशन (यूएसआईसीएफ) द्वारा आयोजित प्रवासी स्वागत समारोह में भी प्रस्तुति देंगी।


मिलबेन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए वाशिंगटन, डीसी में प्रवासी भारतीयों की इस सभा के लिए प्रदर्शन करना एक बड़ा सम्मान है। स्वतंत्रता और लोकतंत्र में हमारा साझा बंधन अमेरिका-भारत के रिश्ते को लोकतंत्र के लिए पृथ्वी पर सबसे मजबूत ताकत, एकता के लिए सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में स्थापित करता है।

# वार्ता जारी रखने पर बनी सहमति ही एक बड़ी सफलता है

**बीजिंग ,19 जून 2023।** विश्लेषकों की राय बनी है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की चीन के विदेश मंत्री चिन गांग से हुई बातचीत का नतीजा सकारात्मक रहा। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि इस यात्रा को लेकर बहुत कम उम्मीद जोड़ी गई थी। इससे संबंधों में सुधार कोई आशा नहीं थी। इसलिए दोनों देशों के बातचीत जारी रखने के फैसले को सही दिशा में माना गया है।

रविवार को ब्लिंकेन और चिन के बीच पांच घंटों से भी ज्यादा समय तक बातचीत हुई। इस दौरान ब्लिंकेन ने चिन को अमेरिका आने का आमंत्रण दिया। बातचीत के बाद जारी दोनों देशों की अलग-अलग विज्ञप्तियों में इस बात का जिक्र किया गया कि चिन ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और दोनों देशों की सुविधा के मुताबिक समय पर वे वॉशिंगटन जाएंगे।

विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि बातचीत के बाद अमेरिका की तरफ से जहां संक्षिप्त विज्ञप्ति जारी की गई, वहीं चीन का बयान अपेक्षाकृत लंबा था। अमेरिकी बयान में सिर्फ यह कहा गया कि चीन से संबंधित अपनी चिंता ब्लिंकेन ने चीनी विदेश मंत्री को बताई। जबकि



चीनी बयान में उन मुद्दों का उल्लेख किया गया, जिन्हें चिन ने अमेरिकी विदेश मंत्री के सामने रखा। इसमें सबसे प्रमुख ताइवान का मसला है। चीनी बयान के मुताबिक विदेश मंत्री चिन ने यह स्पष्ट कर दिया कि ताइवान चीन की नजर में मुख्य मुद्दा है और इस पर वह किसी प्रकार की नरमी नहीं दिखाएगा।

चीनी बयान के मुताबिक वार्ता के दौरान चिन ने यह साफ कहा कि 1970 के दशक में दोबारा रिश्ता बनने के बाद से अमेरिका और चीन के संबंध इस समय सबसे खराब दौर में हैं। दोनों देशों के बयानों में कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'दो टूक, ठोस और रचनात्मक' बातचीत हुई। विश्लेषकों ने रचनात्मक शब्द के इस्तेमाल को महत्त्वपूर्ण माना है। दो टूक वार्ता की बात से उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि दोनों पक्षों ने बेलाग ढंग से एक-दूसरे को लेकर अपनी शिकायत बताई।

ब्लिंकेन ने इस कूटनीति के महत्त्व पर जोर दिया और कहा कि सभी मुद्दों पर संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि गलतफहमी पैदा होने के जोखिम से बचा जा सके। वॉशिंगटन से चीन के लिए रवाना होने से पहले ब्लिंकेन ने कहा था कि उनकी यात्रा का मकसद चीन से पेश आ रही चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए 'गहन कूटनीति' का रास्ता अख्तियार करना है। समझा जाता है कि विदेश मंत्री चिन और अन्य चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू कर ब्लिंकेन ने इस कूटनीति की शुरुआत की है।

कूटनीति विशेषज्ञों ने इस यात्रा को इसलिए भी महत्त्वपूर्ण माना है कि बीते पांच साल से कोई अमेरिकी विदेश मंत्री चीन नहीं गया था। इसके पहले 2018 में तत्कालीन विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने चीन की यात्रा की थी। उनकी उस यात्रा के कुछ समय बाद ही तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध की शुरुआत कर दी। 2021 में जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद भी चीन के साथ अमेरिकी रिश्तों में तनाव बढ़ता गया है।

# श्रीलंका दौरे पर एक साथ पहुंची भारतीय सबमरीन और पाकिस्तानी जहाज

**कोलंबो,19 जून 2023।** भारतीय सबमरीन वागिर ने सोमवार से चार दिवसीय श्रीलंका दौरे की शुरुआत की है। खास बात ये है कि पाकिस्तानी नौसेना का जहाज पहले से ही श्रीलंका के बंदरगाह पर मौजूद है। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर ग्लोबल ओसीन थीम रिंग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारतीय सबमरीन श्रीलंका पहुंची है।



### अंतराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे नौसैनिक

भारतीय सबमरीन के कमांडर दिवाकर एस. हैं, जो श्रीलंकाई नौसेना के वेस्टर्न नेवल एरिया के कमांडर रियर एडमिरल सुरेश डी सिल्वा से मुलाकात करेंगे। भारतीय सबमरीन के श्रीलंका दौरे के दौरान स्कूली बच्चे और आम लोग भी जहाज को देख सकेंगे। उच्चायोग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद कल्चरल सेंटर कोलंबो बंदरगाह पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें भारतीय और श्रीलंका नेवी के अधिकारी और कर्मचारी शिरकत करेंगे।

### पाकिस्तानी जहाज भी कोलंबो में मौजूद

बता दें कि इससे पहले भारत के नेवल शिप दिल्ली, सुकन्या, किल्टन और सावित्री भी श्रीलंका का दौरा कर चुके हैं। भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए ही भारतीय नेवल जहाज श्रीलंका के दौरे पर जाते हैं। वहीं पाकिस्तानी नौसेना का जहाज टीपू सुल्तान भी रविवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंच चुका है। 134 मीटर लंबे पाकिस्तानी नौसेना के जहाज पर 168 लोग सवार हैं। पाकिस्तानी जहाज का श्रीलंका दौरा भी दोनों देशों के बीच समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से हो रहा है।

बता दें कि साल 2014 में चीनी नौसेना की एक पनडुब्बी कोलंबो बंदरगाह पहुंची थी, उसके बाद अब पहली बार है कि कोई विदेशी पनडुब्बी कोलंबो बंदरगाह पहुंच रही है।

# ग्रीस नौका हादसे से हिला पाकिस्तान, देश में मानव तस्करी बना बड़ा मुद्दा



**इस्लामाबाद,19 जून 2023।** ग्रीस के पास नौका डूबने की घटना में 27 पाकिस्तानी शरणार्थियों की मौत के बाद देश में उठे विवाद से शहबाज शरीफ की सरकार हिल गई है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भी इससे सरकार और एस्टबलिशमेंट (सेना+खुफिया नेतृत्व) को घेरने का एक मौका मिला है। इस मुद्दे पर हो रही अपनी आलोचना को टालने की कोशिश में शरीफ सरकार ने सोमवार को देश भर में शोक दिवस मनाने का फैसला किया। साथ ही पाकिस्तानियों को गैर-कानूनी ढंग से देश से लोगों को बाहर ले जाने की घटनाओं की जांच कराने की घोषणा की।

यूरोप में गैर-कानूनी ढंग से प्रवेश कराने के लिए जा रही नौका के डूबने से कुल 79 लोग मर गए थे। बाद में पता चला कि नौका पर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सवार थे। मरे लोगों में 27 पाकिस्तानियों की पहचान कर ली गई है। जो लोग इस हादसे में बच गए, उनमें 12 पाकिस्तानी हैं। खबरों के मुताबिक उन लोगों के अलावा तकरीबन 50 और पाकिस्तानी नौका पर सवार थे, जो अभी लापता हैं।

यह खबर आने के बाद से पाकिस्तान में हाय-तौबा मची हुई है। लोग इसे बेलगाम जारी मानव तस्करी का नतीजा मान रहे हैं और इसे रोक पाने में नाकामी के लिए सरकार की आलोचना हो रही है। इमरान खान ने कहा है कि पाकिस्तान में शुरुआत से ही कानून का राज कायम करने के बजाय कुछ लोगों और खास तबकों का राज रहा है। उसका ही नतीजा है कि देश आज इतनी गरीबी और बदहाली में है और इस कारण लोग देश से भाग रहे हैं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब अधिकारियों को मानव तस्करों की पहचान करने का आदेश दिया है। खबर है कि पाकिस्तान में यह धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है, जिसमें लोगों को खुशहाल जिंदगी का लालच दिखा कर अवैध ढंग से विदेश ले जाया जाता है। कुछ खबरों के मुताबिक प्रधानमंत्री के आदेश के बाद पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में लगभग दर्जन भर लोगों को हिरासत में लिया गया है। हादसे में शिकार हुए कई लोग इसी इलाके के थे।

# 2050 तक सात करोड़ से ज्यादा लोगों के कुपोषित होने का खतरा,IFPRI की वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट जारी

**काठमांडू,19 जून 2023।** आईएफपीआरआई ने किया सामाजिक सुरक्षा प्रणाली विकसित करने का आह्वान अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) द्वारा जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट (जीएफपीआर) में सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने के लिए एक ऐसे सक्रिय दृष्टिकोण का आह्वान किया गया है जो अत्यधिक अनुकूलित, लचीला और समावेशी हो, और संकट आने पर जल्दी से जिसे विस्तारित किया जा सके।



### खाद्य संकट के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य संकट प्रतिक्रिया के लिए अधिक व्यवस्थित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है जो टिकाऊ हो और भविष्य में इसी तरह के और नए संकटों के अधिक लचीलापन बनाने में मदद करे। जीएफपीआर रिपोर्ट के लेखकों ने आगे कहा है कि इस दृष्टिकोण को तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए- संकट की भविष्यवाणी और तैयारी; संकट से पहले और दौरान लचीलापन का निर्माण; संकट प्रतिक्रिया को महिलाओं, मजबूर प्रवासियों और अन्य कमजोर समूहों के लिए सहायक और समावेशी बनाना।

### 20 करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया तीव्र खाद्य असुरक्षा का अनुभव

खाद्य सुरक्षा सूचना नेटवर्क (एफएसआईएन) द्वारा तैयार की गई %खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट (2022)% के मुताबिक, 45 देशों में 205 मिलियन (20.5 करोड़) लोगों ने संकट-स्तर की तीव्र खाद्य असुरक्षा का अनुभव किया या इन जटिल संकटों के कारणों बदतर स्थिति का सामना किया।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-2022 के दौरान खाद्य असुरक्षा में वृद्धि लंबे समय तक चली कोविड-19 महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, नागरिक अशांति, राजनीतिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध के वैश्विक नतीजों के कारण हुई है।

### 2022 में दक्षिण एशिया में दर्ज किया सौ साल में सर्वाधिक तापमान

आईएफपीआरआई के दक्षिण एशिया के निदेशक शाहिदुर राशिद ने कहा कि दक्षिण एशिया में चरम जलवायु एक प्रतिमान बन गया है और 2022 में लगभग सौ वर्षों में इस क्षेत्र में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। इसलिए, लचीला संकट प्रतिक्रिया प्रणाली बनाने में दक्षिण एशिया की सफलता का वैश्विक विकास एजेंडा और वैश्विक खाद्य प्रणालियों की स्थिरता पर भी प्रभाव पड़ता है। आईएफपीआरआई के महानिदेशक और 'सीजीआईएआर सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन साइंस ग्रूप' के प्रबंध निदेशक जोहान स्विनेन ने कहा, ''ये सभी संकट एक के बाद एक साथ आ रहे हैं, और हम अपनी प्रणाली में अस्थिरता देख रहे हैं और ऐसी आपदाजनक घटनाओं में भारी वृद्धि भी।''

# सुधरते रिश्तों पर साधा निशाना,नेपाल में 'आदिपुरुष' को भारत विरोधियों ने बनाया बहाना

**काठमांडो,19 जून 2023।** इस महीने के आरंभ में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की हुई भारत यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में हुए सुधार से विचलित ताकतें फिल्म आदिपुरुष के विरोध के नाम पर भारत विरोधी माहौल गरमाने की कोशिश में जुट गई हैं। राजधानी काठमांडो के सिनेमा घरों में न सिर्फ इस फिल्म पर, बल्कि सभी भारतीय फिल्मों को दिखाने पर रोक लगा दी गई है।

इस बार इस अभियान की शुरुआत काठमांडो के मेयर बालेंद्र शाह ने की, जो रविवार शाम तक काफी गरमा चुका था। शाह ने 15 जून को एक ट्वीट किया था, जिसमें फिल्म आदिपुरुष के निर्माता को इसमें शामिल एक संवाद को तीन दिन के अंदर 'सुधारने' की चेतावनी दी गई थी। रविवार को शाह ने भारत की सभी फिल्मों को यहां के सिनेमाघरों में दिखाने पर रोक लगा दी। उधर सोशल मीडिया पर आदिपुरुष फिल्म को लेकर भारत विरोधी राय जताई की होड़ लग गई है।

महाकाव्य रामायण पर बनी फिल्म आदिपुरुष का भारत में विरोध इसके संवाद की



स्तरहीन भाषा को लेकर हो रहा है। लेकिन नेपाल में मुद्दा यह बनाया गया है कि फिल्म में जानकी (सीता) को भारत की बेटी बताया गया है। नेपाल का यह पुराना दावा है कि सीता का जन्मस्थान जनकपुर नेपाल में था। बालेंद्र शाह ने फिल्म निर्माता से इसी संवाद को सुधारने की चेतावनी दी थी।

रविवार को बालेंद्र शाह का ट्विट वायरल हो गया। हालांकि कई यूजर्स ने शाह के फैसले की आलोचना भी की है, लेकिन बड़ी संख्या में यूजर्स ने उनके रुख का समर्थन किया है। रविवार शाम तक शाह के ट्विट को लगभग दस लाख लोग देख चुके थे। भारतीय फिल्मों को दिखाने पर रोक का एलान शाह ने रविवार को ट्विटर और फेसबुक पर डाले गए अपने एक पोस्ट के जरिए किया। इसमें उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता ने उनकी चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया है, इसलिए काठमांडो मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में सभी भारतीय फिल्मों को दिखाने पर रोक लग जाएगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के संविधान के तहत स्थानीय सरकारों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे 'राष्ट्रीय हित' की रक्षा करें। इसीलिए उन्होंने यह फैसला लिया है।

विश्लेषकों के मुताबिक फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला के एक मीडिया इंटरव्यू से नेपाल में भारत विरोधी भावनाएं भड़की हैं। शुक्ला ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में दावा किया कि नेपाल साल 20वीं सदी के आरंभिक वर्षों तक भारत का ही हिस्सा था।

शुक्ला ने कहा- 'नेपाल में क्यों विरोध हो रहा है, यह मैं नहीं समझ पा रहा हूं। सीता के भारत की बेटी होने की बात जिस समय की है, उस समय नेपाल भारत का ही हिस्सा था। यह तो 1903 या 1904 में जाकर नेपाल भारत से अलग होकर एक अलग राष्ट्र बना।'

# ऋषि सुनक ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को खिलाई मां के हाथों की बनी बर्फी; तारीफ करते नहीं थके जेलेंस्की

**लंदन,19 जून 2023।** रूस-यूक्रेन युद्ध को करीब एक साल से ज्यादा का समय हो गया है। ऐसे में, जहां कुछ देशों ने यूक्रेन को अपना साथ दिया है, तो कुछ ने चुप्पी साध रखी है। दोनों देशों के नेता ही हार मानने को तैयार नहीं है। इस युद्ध के बीच सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा वायरल हो रहा है, जिसे देखकर भारतीय भी उत्साहित दिख रहे। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को खास मिठाई गिफ्ट की है। इस खास पल का एक वीडिया सुनक ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है।

ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सनक ने खुलासा किया है कि उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति की डाउनिंग स्ट्रीट की हालिया यात्रा के दौरान उनके साथ अपनी मां उषा के द्वारा बनाई गई भारतीय मिठाई बर्फी साझा की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सुनक अपनी मां के द्वारा बनाई गई बर्फी का जिक्र कर रहे हैं, साथ ही



जेलेंस्की भारतीय मिठाई बर्फी का लुफ्त उठाते दिख रहे हैं।

पिछले महीने सुनक हाई स्ट्रीट फार्मेसी की भूमिका का विस्तार करने के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए एक नई सरकारी योजना शुरू करने के लिए साउथेम्प्टन के अपने गृहनगर पहुंचे थे। उनके माता-पिता उनसे मिलना चाहते थे, लेकिन यह संभव नहीं हो सका। सुनक ने कहा कि मेरी मां के पास कुछ भारतीय मिठाई थीं जो वह मुझे देना चाहती थीं जो उन्होंने बनाई थीं। उस समय तो संभव नहीं हो पाया, लेकिन हाल ही में एक फुटबॉल मैच में उन्होंने मुझे मिठाइयां दीं।

सुनक ने आगे बताया कि इसके बाद मेरी मुलाकात यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से हुई। हम दोनों बातचीत कर रहे थे। तभी जेलेंस्की को भूख सी लगी। ऐसे में मैंने अपनी मां द्वारा मिठाइयां उन्हें पेश की। उन्होंने मिठाई खाई और खूब तारीफ की। दिल को छू लेने वाला वीडियो ऋषि सुनक ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

CMYK

# मैं भाजपा सहित महोदय को नहीं छोड़ सकता चाहे कुछ भी हो जाए:ज्ञानेंद्र पाण्डेय श्रमिक नेता

- एक ही व्यक्ति की कभी कांग्रेस कभी भाजपा में शामिल होने वाली वीडियो की खूब हो रही आलोचना...
- चार दिन पूर्व ही शिवपुर चरचा नगरपालिका अध्यक्ष पति की उपस्थिति में ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने ग्रहण की थी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता
- चार दिन में ही कांग्रेस पार्टी से हुआ मोह भंग,वापस लौटे भाजपा में,कहा मैं भाजपा सहित महोदय को नहीं छोड़ सकता
- चार दिन पहले सोशल मीडिया में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते नजर आए थे श्रमिक नेता
- चार दिन बाद भाजपा में पुनः वापसी की भी वीडियो सोशल मीडिया में हुई वायरल

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

दल बदल कभी इधर कभी उधर,आजकल राजनीति में लगातार यह चरित्र देखने को मिल रहा है और यह इसलिए भी हो रहा है क्योंकि हर दल में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो खुद को पार्टी का सबसे बड़ा हितैसी बताने लोगों को पकड़ पकड़कर अपने दल में शामिल कराते रहते हैं भले ही शामिल होने वाला कुछ दिनों या कुछ घंटों बाद ही वापस अपने दल में लौट जाए और खुद को वहीं का असली हितैषी बताए।

ऐसा ही कुछ वाक्या कोरिया जिले के शिवपुर चरचा से भी सामने आया है जहां एक श्रमिक नेता चार दिन पहले नगरपालिका अध्यक्ष के पति की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हैं और चौथे दिन ही उनका नया वीडियो सामने आता है जिसमें वह भाजपा में ही रहने का संकल्प दोहराते हैं और महोदय का साथ नहीं छोड़ सकते ऐसी कसमें खाते हैं। उक्त श्रमिक नेता की जबानी सुना भी जा सकता है की जन्मदिवस का उत्साह था और ऐसा माहौल था की भवावेश में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी लेकिन उन्होंने यह भी कहा की वह भाजपा नहीं छोड़ सकते साथ ही वह महोदय को भी नहीं छोड़ सकते। महोदय शिवपुर चरचा साथ ही कोरिया की राजनीति के किसे कहा जाता है यह भी सर्व विदित है और वह पूर्व मंत्री के ही साथ रहना चाहते हैं यह श्रमिक नेता ने साफ साफ कह दिया।



### पहले दिन के विडियो में कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिवस, श्रमिक नेता ने कांग्रेस पार्टी का किया गुणगान

शिवपुर चरचा में श्रमिक नेता ज्ञानेंद्र पाण्डेय का जन्मदिवस कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया और इस अवसर पर खासकर नगरपालिका अध्यक्ष पति की मौजूदगी भी रही जो श्रमिक नेता के जन्मदिवस को खास बना गई और श्रमिक नेता भावावेश में कांग्रेस पार्टी का गुणगान कर गए और उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण करने की बात कर दी,श्रमिक नेता ने स्थानीय विधायक सहित नगरपालिका अध्यक्ष के लिए काफी कसीदे भी पढ़े और कांग्रेस पार्टी अच्छा काम कर रही है उन्होंने कहते हुए बहुत कुछ कहा जिसका वीडियो भी नगरपालिका अध्यक्ष पति ने जारी किया और एक उपलब्धि बतौर नगरपालिका अध्यक्ष पति ने इसे साबित करने का प्रयास किया और साबित किया भी। अध्यक्ष पति के साथ साथ अध्यक्ष समर्थकों ने भी वीडियो वायरल किया और श्रमिक नेता का कांग्रेस प्रवेश एक बड़ी उपलब्धि पार्टी के लिए साबित की गई।

### चार दिन बाद श्रमिक नेता का दूसरा वीडियो हुआ जारी,भाजपा और महोदय को नहीं छोड़ सकता कहा श्रमिक नेता ने

अभी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए चार दिन भी नहीं हुए थे की श्रमिक नेता का फिर एक वीडियो जारी हुआ और इसमें श्रमिक नेता ने साफ साफ कहा की वह भाजपा और महोदय को नहीं छोड़ सकते साथ ही उन्होंने जन्मदिन के उत्साह में कांग्रेस प्रवेश की बात कर दी थी जो गलत है और वह भाजपा में ही हैं। श्रमिक नेता का दूसरा वीडियो आते ही यह साबित हुआ की श्रमिक नेता फिलहाल पुनःघर वापसी कर चुके हैं और वह भाजपा में ही हैं और रहने वाले हैं।

### नगरपालिका अध्यक्ष पति शिवपुर चरचा का प्रयास असफल रहा,श्रमिक नेता ने छोड़ा साथ

मामले में नगरपालिका अध्यक्ष पति शिवपुर चरचा का प्रयास असफल रहा जिसमे उन्होंने श्रमिक नेता को कांग्रेस प्रवेश तो कराया लेकिन श्रमिक नेता चार दिन भी टिक नहीं पाए और वह भाजपा में वापस लौट गए। अध्यक्ष पति पूरे मामले को एक बड़ी उपलब्धि जरूर साबित करते रहे लेकिन श्रमिक नेता ने उनके अभियान को सफल नही होने दिया और चौथे दिन ही वह पूर्व मंत्री से जा मिले जो अध्यक्ष पति के लिए किसी झटके से कम नहीं।

### श्रमिक नेता की भी हो रही आलोचना,कभी इधर,कभी उधर की रणनीति पर लोग ले रहे मजा

श्रमिक नेता की भी आलोचना हो रही है और लोग यह मजा ले रहें हैं की कभी इधर कभी उधर वालों की बाढ़ सी आई हुई है और ज्यादातर यही देखा जा रहा है की लोग जिसकी सत्ता उसी तरफ होकर रहना पसंद कर रहें हैं और उसी तरफ हो भी ले रहें हैं। श्रमिक नेता के भी कांग्रेस प्रवेश को उसी रूप में देखा जा रहा है। वैसे जिले में कई ऐसे नेता हैं जिनका काम ही अवसर देखकर दल बदल लेने का है और वह इसमें इतने माहिर हो चुके हैं की उन्हे शर्म भी नहीं आती ऐसा लोग कहते हैं। अवसर देखकर ऐसे नेता कभी भी किसी भी दल को दगा दे सकते हैं यह भी पार्टी के ही अंदर लोग कहते सुने जा सकते हैं जो सभी दलों में चर्चा का विषय रहता है।

# सहकारिता मंत्री प्रेमसाय के आश्वासन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ का हड़ताल समाप्त

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ अपनी 3 सूत्री मांग को लेकर 1 जून 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे दिनांक 18 6 2023 स्थान रायपुर जिला सहकारी बैंक में आवश्यक बैठक की गई बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी प्रदेश के जिला अध्यक्ष के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिवस तक हड़ताल स्थगन किया जाता है, इसके पूर्व हमारी 3 सूत्री मांगों में दो मांगों को सहकारिता मंत्री प्रेमसाय टेकाम अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा सहकारिता विभाग पंजीयक अपेक्स बैंक एमडी के समक्ष कर्मचारी संघ की बरसों पुरानी मांगों पर सहमति बनी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ ने भी हितग्राहियों को समितियों से खाद्यात्र सामग्री वितरण नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं



खाद बीज नहीं मिलने से किसानों को भी अत्यधिक असुविधा हो रही थी छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ की बैठक मैं लिए निर्णय के अनुसार दिनांक 19.06.2023 से समस्त समितियों का कार्य चालू हो जाएगा। समस्त शासन प्रशासन के समक्ष उपस्थित में यह भी निवेदन किया गया कि जो भी कार्यवाही छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ के समिति कर्मचारियों की ऊपर की गई है उसे निरस्त करने की मांग की गई जिसे सहर्ष स्वीकार किया गया है जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सरगुजा के अध्यक्ष रामदेव रामजी के उपस्थिति में मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर सिंह प्रदेश संयोजक भोला राम यादव अरुण बेहरा पंकजसाव नर्मदा देवांगन मनीराम केवत पोषण धुरंधर उत्तम सेठिया सनलिप्त कुशवाहा विनय सिंह ज्ञान गुप्ता शेख हिदायतुल्ला सेवक राम साहू पिंटू सिन्हा रविंद्र गुर्जर धर्मेंद्र कुशवाहा आदि सभी भारी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ उपस्थित थे।


छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस




# 21 जून को हर घर आंगन योग थीम पर होगा आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर को नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला शिक्षा अधिकारी एवं उपसंचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

**जिला स्तरीय आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में होगा**

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 21 जून योग दिवस को समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, विकासखंड, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सामूहिक योग प्रदर्शन समयानुसार प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजन किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। योग दिवस के दिन स्कूली छात्र-छात्राएं भी जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग प्रदर्शन के लिए शामिल होंगे। नगरीय निकायों एवं विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजन किये जाने के निर्देश दिए गये हैं। जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों को अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन हेतु अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये है।

# रोजगार मेला का आयोजन 22 जून को

सूरजपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा 22 जून को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में प्रातः 11 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। जिसमें लगभग 18 अशासकीय संस्थाओं द्वारा 396 हितग्राहियों का अलग- अलग पदों में योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड आदि की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

# राजेंद्र सिंह जिला स्तरीय एथलेटिक्स संघ कोरिया के अध्यक्ष बनाए गए

- जिला स्तरीय एथलेटिक्स संघ कोरिया की बैठक रेस्ट हाउस बैकुंठपुर में सम्पन्न

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।



जिला स्तरीय एथलेटिक्स संघ कोरिया की बैठक रेस्ट हाउस बैकुंठपुर में आयोजित की गई इसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया, कार्यकारिणी निम्नानुसार है राजेंद्र सिंह अध्यक्ष, भूपेंद्र पाल उपाध्यक्ष, डॉ विजय कुमार जांगड़े उपाध्यक्ष, सचिव अक्षय सोनी, सह सचिव योगेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविकांत गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य जितराय किंडो सर सूरज कुमार रगड़ा धीरेंद्र प्रताप सिंह, पप्पू कुमार, ज्ञानेद्र शुक्ला, को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया, बैठक में जिले भर के युवाओं को खेल खेल कौशल पर जोर देना अधिक से अधिक ग्रामीण शहरी युवाओं को एथलेटिक खेल से जोड़ना, खिलाड़ियों को खेल के अवसर उपलब्ध कराना, खिलाड़ियों को एथलेटिक्स के उपकरण उपलब्ध कराना, जिला स्तर विकासखंड स्तर एवं ग्राम स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को मंच व अवसर उपलब्ध कराना, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल कराना,खेल के माध्यम से बाल्यावस्था से शारीरिक एवं मानसिक मजबूती प्रदान करना एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अधिक से अधिक एथलीटो पंजीयन कराना जैसे निर्णय लिया गया, एथलेटिक्स के लिए ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक नेटवर्क स्थापित कर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को एकजुट करना, एथलेटीक एसोसिएशन कोरिया सभी गणमान्य नागरिकों, ग्रामीणों सम्माननीय जनप्रतिनिधियों सहयोग एवं सुझाव की अपेक्षा रखता है।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ने जिला कोरिया की नई कार्यकारणी की घोषणा की

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ने कोरिया जिले की नई कार्यकारणी की घोषणा करते हुए गजानन तिवारी प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला चिल्का बैकुंठपुर को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की है,वहीं अमरसाय भगत प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला मनसुख को महामंत्री पद की जिम्मेदारी प्रदान की गई है सचिव पद पर लक्ष्मण प्रसाद साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला तरगवां को नियुक्ति प्रदान करते हुए कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र प्रसाद शुक्ल प्रधान पाठक रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर को जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

**गजानन तिवारी बनाए गए छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव कोषाध्यक्ष पद पर भी की गई नियुक्ति**

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने संघ के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समस्त नियुक्तियां की हैं।

बता दें की गजानन तिवारी पूर्व में भी छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सम्हाल चुके हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस प्रदेश में शिक्षकों का पुराना संघ है और यह संघ लगातार शिक्षकों के हित में अपनी गतिविधियां संचालित करता रहता है। गजानन तिवारी को पुनः जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है और वह उन्हे लगातार बधाई दे रहें हैं।

# भाजपा जिलाअध्यक्ष सहित भाजपा नेताओं ने दर्शन किया झारखंड राज्य में स्थित महादेव का पवित्र धाम टांगीनाथ धाम की

- संवाददाता -
कुसमी, 19 जून 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के कुसमी शहर से करीब 70 से75 किलोमीटर की दूरी पर भगवान शंकर का पवित्र धाम टांगीनाथ धाम जो की झारखंड राज्य के गुमला जिले के जंगली क्षेत्र के एक पहाड़ में बसा हुआ है, जहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल के साथ साथ जिले के कई भाजपा नेता गण भगवान के दर्शन करने गए थे भगवान से प्रदेश एवं जिलेवासीयो की खुशहाली की मांग की है,दरसल भगवान शिव का यह एक ऐसा धाम है जहां पर लोगो की भगवान के प्रति आस्था काफी है लोगो की मान्यता है यह है की यहां पर भक्तो की मन की मुराद भी पूरी होती है और महाशिवरात्रि को मेला का भी आयोजन होता है झारखंड राज्य के अलावा छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के लोग भी इस दिव्य धाम के दर्शन करने जाते है,समय के साथ साथ धीरे धीरे इस धाम के प्रति लोगो की आस्था काफी बढ़ गई है इसलिए अब भक्त सालो भर भगवान के दर्शन करने जाते रहते है बताया जाता है की शिव के इस दिव्य धाम में भगवान परशुराम ने भगवान शिव की तपस्या की थी और अपना फरसा छोड़ दिया था जो आज भी मंदिर के पास खुले आसमान में जमीन में गड़ी हुई है वही काफी संख्या में शिवलिंग और अन्य देवी देवताओं की प्राचीन





मूर्तियां भी है, वही इस दिव्य धाम में फरसे के बारे में यह भी बताया जताया है की कई लोग फरसे को देखकर आश्चर्य चकित भी होते है की सालो भर खुले में फरसा रहने के बाउजुद भी फरसे में कभी जंग नही लगता है,और भक्त फरसे की पुजा अर्चना भी करते है, टांगीनाथ बाबा के नाम से क्षेत्र में प्रख्यात भगवान शिव के धाम में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, राम लखन पैकरा, संजय जायसवाल, दिनेश पैकरा,आशीष केशरी, जितेंद्र श्रीवास्तव, सोमनाथ भगत, अनिल दुबे, आनंद जायसवाल,सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता गण भी दर्शन करने गए हुए थे।







# स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने किया हमर क्लिनिक का उद्घाटन,लोगों तक आसान स्वास्थ्य सुविधा पहुंचना शासन का उद्देश्य

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा सोमवार को हमर क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। स्थानीय गांधीनगर स्थित मुक्ति पारा शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र का उन्नयन किया गया। जिसके पश्चात अमर क्लीनिक शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुक्तिपारा का उद्घाटन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव द्वारा किया गया। गौरतलब है कि अंबिकापुर नगर निगम में यह तीसरा हमर क्लीनिक है। इससे पहले हमर क्लीनिक गोधनपुर एवं हमर क्लिनिक बौरीपारा का उद्घाटन भी स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किया जा चुका है। मोहल्ले के नजदीक लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा हर हमर क्लीनिक की शुरुआत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबिकापुर में कुल 14 हमर क्लिनिक क्लीनिक शुरू किए जाने हैं जिनका निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक हमर क्लीनिक में एक एमबीबीएस चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक एएनएम, एक एमपीडब्ल्यू मेल, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक क्लास 4 की भर्ती की जावेगी। यह संस्था डे केयर के रूप में कार्य करेगी जहां पर लगभग 114 तरह की दवाइयां निशुल्क प्राप्त होंगी एवं 16 तरह की पॉइंट ऑफ केयर लैब्स जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ऐसे जांच जो वहां पर नहीं हो पाते उनका सैंपल लेकर हमर लैब में भेजा जाएगा, जहां से उनकी रिपोर्टिंग की जावेगी। इस कार्यक्रम में महापौर डॉ अजय तिर्की, एमआईसी सदस्य द्वितेंद मिश्रा, पार्षद मंजूषा भगत, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, सीएमएचओ डॉ पीएस सिसोदिया, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ केडी मिश्रा, डॉ आयुष जयसवाल, डॉ अमीन फिरदौसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक दुकान हुए खाक

» आपातकालीन द्वार न होने से प्रथम तल से कूदकर लोगों ने बचाई अपनी जान, एक महिला का पैर हुआ फैक्चर तो एक महिला बैंक कर्मी सहित तीन की दम घुटने से मौत











- संवाददाता -
कोरबा,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में उस वक्त अफरातफरी मच गया जब अचानक दोपहर करीब 01 बजे कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के भूतल में बने दुकानों में भीषण आग लग गई जिससे आस पास के दुकानों में भी यह आग फैल गई जिससे आग विकराल रूप लेते हुए आसपास के आधा दर्जन से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में लिया जिससे ये दुकानें बुरी तरह जल गई । घटना के समय काफी लोग इन दुकानों में मौजूद थे जो भाग कर अपनी जान बचाए साथ ही कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर इंडियन बैंक एवं एक कपड़े की दुकान संचालित था द्य जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त काफी लोग बैंक एवं कपड़े के दुकान में मौजूद थे जिन्होंने प्रथम तल से कूदकर अपनी जान बचाई वहीं आस पास के लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचित कर दिया था जिससे वे भी वक्त रहते घटना स्थल पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त की साथ साथ कॉम्प्लेक्स के अंदर एवं प्रथम एवं द्वितीय तल में फंसे लगभग 30 लोगों को आपातकालीन द्वार न होने के कारण काफी मशक्कत के बाद खिड़कियों से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया । मामले की जानकारी होते ही जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे वही अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू के साथ कोरबा जिला हस्पताल भेजा गया जहा हस्पताल की पूरी टीम आकस्मिक उपचार के लिए घायलों को भर्ती कर उपचार प्रारंभ कर दि पर इस दौरान अधिक देर तक धुएं के बीच फंसे होने के चलते एक महिला पीड़ित बैंक कर्मी रश्मि सिंह, चिरमिरी निवासी और ग्राम कौरुमौहा निवासी शत्रुघ्न धीरहे के अलावा एक और व्यक्ति जिन्हे नाजुक हालत में भर्ती किया गया था डॉक्टरों के कोशिशों के बाद भी तीनों व्यक्तियों को बचाया नहीं जा सका ।

कॉम्प्लेक्स में आग कैसे लगा इसकी जानकारी अब तक नही लग सका पर वहां मौजूद लोगों ने बताया के शायद शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी हो । अब इस घटना के जांच के बाद ही यह पता चल पाएगा की आग क्यों और कैसे लगी क्योंकि यदि यह शॉर्ट सर्किट से हुआ होगा तो निश्चित ही आग फैलने से पूर्व तार के जलने या चिंगारी फैलने की जानकारी वहां मौजूद लोगों को हुआ होता जिससे समय रहते आग को फैलने से रोका जा सकता था पर ऐसा न होना कहीं न कहीं जांच का विषय है।

## शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में रिक्त कक्षाओं के आवेदन की तिथि में वृद्धि

- संवाददाता -
सूरजपुर,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

कक्षा 6 वीं, 09 वीं व कक्षा 11 वीं में प्रवेश हेतु चयन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 16 जून 2023 एवं परीक्षा 21 जून 200 निर्धारित किया गया था। किन्तु आज तक उपरोक्तानुसार स्वीकृत सीट के विरूद्ध आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण निर्धारित तिथि में वृद्धि किया गया। अब आवेदन प्राप्त करने की तिथि 27 जून 2023 एवं प्रवेश परीक्षा 05 जुलाई 2023 बुधवार को समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसमें कक्षा 6 वीं के लिए 35, 9 वीं के लिए 09 एवं 11 वीं के लिए 07 सीटें रिक्त है। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं, अभिभावक परिसर में उपस्थित होकर पंजीयन फार्म 27 जून तक कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर पंजीयन कर सकते है।

## अम्बिकापुर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 3 तक आवेदन आमंत्रित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

एकीकृत बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर(ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी के केन्द्रों में रिक्त पदों की भर्ती की जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों को भरने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त पदों हेतु निर्धारित प्रारूप में 3 जूलाई 2023 तक परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर में डाक के माध्यम से या सीधे कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना अम्बिकापुर ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत डिगमा के आंगनबाड़ी केंद्र डिगमा आदिवासीपारा, ग्राम पंचायत अजिरमा के आंगनबाड़ी केंद्र अजिरमा बंगालीपारा, ग्राम पंचायत नर्मदापारा के आंगनबाड़ी केंद्र नर्मदापारा 1, ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के आंगनबाड़ी केंद्र हर्राटिकरा तथा ग्राम पंचायत बिशुनपुरखुर्द के आंगनबाड़ी केंद्र बिशुनपुरखुर्द में सहायिका के पदों पर भर्ती की जा रही है।

# जिले में कबाड़ियों का बोलबाला

- संवाददाता -
कोरबा,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

इन दिनों जिले में कबाड़ियों का कार्य अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है । शहर के चारों ओर कबाड़ी अपना व्यापार फैलाने में सक्रिय है । कबाड़ी अपने कार्यों में इतने मशगूल हो गए है के वे अब शहर के सड़कों पर भी कबाड़ के समान को फैलाने में बाज नहीं आ रहें जिससे लोगों को आवाजाही करने में तकलीफ हो रही है पर इस और न निगम ध्यान दे रहा और न ट्रैफिक विभाग । जिले में बिना लाइसेंस के कबाड़ का व्यवसाय कर लंबा मुनाफा कमाने वाले कबाड़ियों की बाढ़ सी आ गई है और कबाड़ के बहाने चोरी की घटनाओं में भी इजाफा होने लगा है । नवयुवकों और किशोरों का इस अवैध कार्य में लिप्त होने से बंद पड़े घरों से कबाड़ चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है और कबाड़ी जिनके पास कबाड़ का लाइसेंस भी नहीं है वे बेधड़क चोरी का सामान खरीद कर खपाने में कामयाब हो रहे हैं न तो इन कबाड़ियों की लाइसेंस की जांच की जा रही है और न ही इनके पास आए कबाड़ की जांच की जा रही है । शहर के अंदर कबाड़ी सड़कों तक में कबाड़ फैलाकर सड़कों पर कब्जा जमाते दिख जायेंगे । वही अवैध कबाड़ के इस व्यवसाय से शहर की सुंदरता भी नष्ट हो रही है । जिले के निगम क्षेत्र के आकाश होटल के पीछे रिहायशी इलाके में एक कबाड़ी कबाड़ का व्यवसाय बड़े स्तर में कर रहा । सूत्र से पता चला है के उसके पास कबाड़ का व्यवसाय करने के लिए लाइसेंस नहीं है फिर भी कबाड़ का व्यवसाय धड़ल्ले से चल रहा । इस कबाड़ का व्यवसाय करने वाले कबाड़ी ने पूरे रोड में कबाड़ फैला कर सड़क पर कब्जा कर रखा हुआ है जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है । इस प्रकार शहर के अंदर बड़े मात्रा में कबाड़ फैलने से शहर की सुंदरता तो नष्ट हो ही रही साथ ही बारिश के दिनों में डेंगू मलेरिया जैसे भयंकर बीमारियों की आशंका भी बनेगी जिसके रोकथाम के लिए अभी से ठोस कदम उठाना होगा । वही आसपास के लोगों में कबाड़ की बदबू से उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है, जिस पर अंकुश लगाने की भी आवश्यकता है।



# नल जल योजना में भारी भ्रष्टाचार,उच्च स्तरीय जांच कर अधिकारियों के सेवा पुस्तिका में हो दर्जः बद्री अग्रवाल

- राजा मुखर्जी-
कोरबा,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मरवाही विधानसभा के प्रभारी बद्री अग्रवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पानी देने की योजना है इस योजना के तहत हर घर में नल लगाने की प्रक्रिया जारी है जिसमे भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, केंद्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसके लिए सरकार द्वारा प्रत्येक घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य 2030 निर्धारित किया गया था। जिसे अब 2024 कर दिया गया है। हर घर नल योजना को जल जीवन मिशन के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा। अब देश के प्रत्येक घर में स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध होगा जिससे कि देश के नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा, इसके अलावा यह योजना देश के नागरिकों को जीवन स्तर में भी सुधार करेगी। अब देश के नागरिकों को पानी लेने के लिए कहीं दूर जाने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्योंकि सरकार द्वारा उनके घर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, इस योजना का लक्ष्य 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने योग्य जल उपलब्ध करवाना है । अग्रवाल ने इसके विपरीत कोरबा नगर निगम में नल जल योजना सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गयी है । केंद्र सरकार द्वारा 300 करोड़ से अधिक की राशि कोरबा नगर निगम को दी गयी थी किन्तु अधिकारी अपने लाभ के लिए ठेकेदार के साथ मिलकर भारी भ्रस्टाचार किया जा रहा है जिसके कारण लोगो को शुद्ध पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है । कोरबा की जनता पीने के शुद्ध पानी के लिए तरस रही है और अधिकारी भ्रष्टाचार कर करोड़ो रूपये का बंदरबांट कर रहे है । सभी जगह नई पाइप लाइन बिछाई जानी थी लेकिन भ्रष्टाचार करने के लिए पुरानी पाइप लाइन के साथ जोड़ दिया गया है । जहां सड़क व कंक्रीट खोदे गए थे उसे पाइपलाइन डाले जाने के उपरांत विभाग के अधिकारी द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप रिपेयर नहीं कराया गया साथ ही उसे ठेका कंपनी ना करके अधिकारी अपने निजी ठेकेदारों से पेटी में करवा रहे हैं ऐसे में ठेकेदार के साथ अधिकारी की संलिप्तता भ्रष्टाचार को स्पष्ट करती है । उक्त विषय की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए साथी ही अधिकारियों के सेवा पुस्तिका में जांच दर्ज होना चाहिए।



# काढ़ा पीकर स्वस्थ हुए नाथों के नाथ जगन्नाथ की 20 को निकलेगी रथ यात्रा

- संवाददाता -
कोरबा,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

भगवान जगन्नाथ 108 घड़े पानी से स्नान के बाद बीमार हो गए थे। 15 दिनों तक पंडितों ने सेवा की। काढ़ा पिलाया। काली मिर्च और अदरक के पेड़े से भगवान की सेवा की गई। अब भगवान स्वस्थ हो गए हैं। जिसके बाद नेत्रोत्सव मनाया गया। भगवान के मंदिर का पट खुलेगा। मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना करेंगे। भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र व सुभद्रा की पूजा-अर्चना की जाएगी। नाथों के नाथ जगन्नाथ श्रद्धालु भक्तों के स्नान से बीमार होकर विश्राम कर रहे थे। इस कारण जगन्नाथ मंदिर का पट बंद था। लोक विश्वास व परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ को स्वस्थ करने की जुगत में दवा के रूप में काढ़े का भोग अर्पण कराया जा रहा था। इस काढ़े को प्रसाद के रूप में प्राप्त करने के लिए भक्तजन सुबह से शाम तक मंदिर पहुंच रहे थे और स्वयं समेत पूरे घर वालों को भी दे रहे हैं। लोगों का विश्वास है कि ऐसा करने से पूरा परिवार वर्ष पर्यंत स्वस्थ रहता है। जिले में रथ यात्रा की तैयारियां शुरू हो चुकी है। रथ जितिया पर्व की तैयारी को लेकर ग्रामीणों में काफी उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। आषाढ़ शुक्ल के द्वितीया को मनाया जाना वाला भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा, रथ जितिया पर्व 20 जून को धूमधाम से मनाई जाएगी। जगन्नाथ मंदिर और पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा का आयोजन के कारण कोरबा का गांव दादर-खुर्द छोटा पुरी के नाम से भी प्रदेश में जाना जाता है। रथयात्रा के आयोजन में कोरबा जिले के अलावा पड़ोसी जिले के सभी भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। खास बात यह है कि रथ यात्रा के दौरान गांव की ब्याही हुई बेटियों को उनके ससुराल से निमंत्रण देकर बुलाया जाता है और वे सभी इस आयोजन में शामिल होती हैं। इस दौरान गांव में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं।कोरबा शहर के निकट ग्राम दादरखुर्द का रथयात्रा उत्सव जिले भर में प्रसिद्ध है। मान्यता के अनुसार आषाढ़ माह के प्रथम दिन से मंदिर का पट बंद हो गया है, इस दौरान भगवान के बीमार होने के कारण उन्हें 15 दिनों तक मौसमी फल, आम रस और जामुन का भोग लगाया गया, ब्रह्ममुहुर्त में रथ जितिया के दिन मंदिर का पट खुलेगा। दर्शनीय रथ यात्रा को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए ग्राम दादर खुर्द के भगवान जगन्नाथ मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन में विशेष आकर्षण केंद्र भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित कर रथ में बैठाया जाता है। मंदिर के पुजारी कुंज बिहारी द्विवेदी ने बताया कि मंदिर 124 वर्ष पुराना है, रानी धनराज कुंवर के जमींदारी के समय ग्राम दादर में थवाईत परिवार निवास करता था, जो रानी का मालगुजार हुआ करता था। यह परिवार भगवान जगन्नाथ की भक्ति करता था, परिवार के सदस्य दर्शन के लिए पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर जाया करते थे। उनके मन में इच्छा जाहिर हुई कि कोरबा में भी भगवान जगन्नाथ की एक मंदिर स्थापित की जानी चाहिए। दर्शन करने गए थवाईत परिवार द्वारा पुरी से भगवान जगन्नाथ की एक फोटो लाई गई। उस फोटो को देखकर महानीम के वृक्ष को काटकर भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा बनाई गई और सन 1899 में मंदिर की नींव रखी गई। तब से आज तक विधि-विधान से मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की जाती है और प्रत्येक वर्ष पुरी की तर्ज पर दादर-खुर्द में भी रथ यात्रा का आयोजन किया जाता।



# मिक्स्ड मार्शल आर्ट वुशू में 05 गोल्ड मेडल व 02 सिल्वर मेडल जीतकर युवाओं ने जिले का बढ़ाया गौरव

» शारीरिक,मानसिक व आत्म रक्षा की दृष्टि कोण से वुशू उत्कृष्ट खेल : कलेक्टर



- संवाददाता -
सूरजपुर,19 जून 2023 (घटती-घटना)।

मिक्स्ड मार्शल आर्ट वुशू में जिले के खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर व सीनियर चैंपियनशिप में 05 गोल्ड व 02 सिल्वर पदक जीतकर सूरजपुर का गौरव बढाया है। खिलाड़ियों में लालजी यादव, लवलिता पैकरा, डोलिता पैकरा, अशोक साहू, बिजेन्द्र साहू, गोल्ड मेडल एवं सुरेखा यादव, माही सिंह सिल्वर मेडल हासिल किये है।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा वुशु एसोसिएशन के तत्वावधान में राजनंदगाव जिले के डोंगरगढ़ में 18 और 21 मई को आयोजित चौंपियनशिप में 05 खिलाड़ियों का चयनित कर पूणे महाराष्ट्र नेशनल वुशू चौंपियनशिप के लिए किया गया है। 26 जून से 30 जून को श्री छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पुणे महाराष्ट्र में आयोजित किया जायेगा। छतीसगढ़ वूशु एसोसिएशन के (जनरल सेक्रेटरी) डी. कोंडईया, कमल किशोर धीवर (टेक्निकल डारेक्टर), मनोज ठाकुर (ताउलु कोच) ने हर्ष व्यक्त कर सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। जिले के वृश एसोसिएशन के कोच रूपनारायण यादव, रामविचार यादव, चंदन प्रसाद चौहान, प्रकाश सूर्यवाशी के नेतृत्व में बच्चे खेलने गए थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वुषू को शारीरिक, मानसिक व आत्म रक्षा की दृष्टि कोण से उत्कृष्ट खेल बताया। इसके साथ ही उन्होने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनकी प्रषंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एशिया कप 2023 सेमीफाइनल पर बारिश का साया

## नहीं हो सका सेमीफाइनल अब भारत के लिए मुश्किल हुई फाइनल की राह

**नई दिल्ली,19 जून 2023।** वीमेंस इमर्जिंग एशिया कप 2023 के मुकाबले कुल आठ टीमों के बीच खेले जा रहे हैं, इन मुकाबलों में बारिश का साया देखने को मिल रहा है। टूर्नामेंट के अधिकतर मुकाबलों पर बारिश हावी रही है। वहीं भारतीय टीम के भी अधिकतर मुकाबले बारिश के कारण प्रभावित हुए है। आंकड़ों के मुताबिक इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम व अन्य सभी टीमों को लीग स्टेज में 3-3 मैच खेलने थे। हालांकि भारतीय टीम बारिश के कारण सिर्फ एक ही मुकाबला खेल सकी है जबकि दो अन्य मुकाबले नहीं हो सके। वहीं टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया। माना जा रहा है कि सेमीफाइनल मुकाबला अब 20 मई यानी मंगलवार को खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम फाइनल में जगह बनाने के लिए मैदान में उतरेगी।

### सिर्फ एक मुकाबला खेल सकी भारतीय टीम

बता दें कि लीग स्टेज में महिला इंडिया-ए की टीम का पहला मुकाबला हांग कांग के खिलाफ था। इस मुकाबले में जीत हासिल करने के साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। इस मुकाबले में भारत को नौ विकेट से जीत मिली थी। टीम की दूसरी भिड़ंत नेपाल के खिलाफ थी जबकि तीसरी भिड़ंत पाकिस्तान से होनी थी। इन दोनों मुकाबलों में कोई भी गेंद भारी बारिश के कारण नहीं फेंकी गई और दोनों ही मुकाबलों को रद्द कर दिया गया।



बता दें कि भारत का सेमीफाइनल का मुकाबला सोमवार यानी 19 जून को श्रीलंका ए की टीम के साथ होना था, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में जगह बनाती। मगर बारिश ने इस मुकाबले को धो दिया। सेमीफाइनल का मुकाबला अब रिजर्व डे पर खेला जाएगा जो कि 20 जून को है। बता दें कि भारतीय टीम को कुल चार मुकाबले खेलने थे जिसमें से तीन मैच बारिश के कारण रद्द हो गए।

### पहले मुकाबले में किया था कमाल

गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम सिर्फ एक ही मुकालबा खेल सकी है। मगर उस मुकाबले में भारतीय टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। हांग कांग के खिलाफ खेले गए पहले मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की थी। बल्लेबाजी करने उतरी हांग कांग की टीम को महज 34 रनों के छोटे से स्कोर पर भारतीय टीम के दमदार गेंदबाजों ने ऑलआउट कर पवेलियन लौटा दिया। इस मुकाबले में श्रेयांका पाटिल ने 3 ओवर में 5 विकेट चटकाए और सिर्फ दो रन दिए थे। वहीं 35 रनों का टारगेट भारतीय टीम ने सिर्फ 5.2 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल किया था। गोंगड़ी तृषा (19) ने उमा छेत्री (16) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई थी मगर कप्तान श्वेता सहरावत कमाल नहीं कर सकी और दो रन पर पवेलियन लौट गई थी।

# अफगानिस्तान के स्पिनरों से चिंतित पाकिस्तान

### चेन्नई में नहीं खेलना चाहता

**नई दिल्ली,19 जून 2023।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान कुछ विशिष्ट स्थलों में कुछ टीमों के खिलाफ खेलने को लेकर 'सहज' नहीं है जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू में खेलना शामिल है। एशिया कप के आयोजन को लेकर गतिरोध समाप्त हो गया है और अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान के भारत आने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदबाद में होने की संभावना है। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पीसीबी सहित सभी सदस्य बोर्ड से प्रस्तावित कार्यक्रम पर सुझाव मांगे हैं।

पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बोर्ड के आंकड़े, विश्लेषक और टीम रणनीति विशेषज्ञ को उन आयोजन स्थलों को स्वीकृति देने का काम सौंपा गया है जहां आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 50 ओवर के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान के मुकाबलों का अस्थाई कायक्रम तैयार किया है। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी ने टीम का अस्थाई कार्यक्रम चयनकर्ताओं/विशेषज्ञों के पास भेजा है जो संभवतः पाकिस्तान टीम के कुछ मुकाबलों के कार्यक्रम और स्थल को लेकर सहज नहीं हैं। जैसे कि उन्हें चेन्नई में अफगानिस्तान और बेंगलुरू में ऑस्ट्रेलिया से खेलने को लेकर आपत्ति है।''

चेन्नई की स्पिन की अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान से खेलने का मतलब है कि पाकिस्तान को राशिद खान और नूर अहमद जैसे स्पिनरों का सामना करना होगा जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में गुजरात टाइटंस की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। बेंगलुरू की पिच आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है और यह समझना मुश्किल है कि आखिर क्यों पाकिस्तान को चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से खेलने में आपत्ति है। पीसीबी सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान के खिलाफ आयोजन स्थल के रूप में चेन्नई को स्वीकार नहीं करने की




सलाह बोर्ड को दी है क्योंकि यह ऐसा स्थल है जो एतिहासिक रूप से और आंकड़ों के लिहाज से स्पिनरों के अनुकूल है।

सूत्र ने दावा किया, ''बोर्ड को सुझाव यह है कि आईसीसी/बीसीसीआई को पाकिस्तान के मैचों का कार्यक्रम बदलने को कहा जाए और टीम के मजबूत पक्ष के अनुसार बेंगलुरू में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया से खेला जाए।'' हालांकि बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी का सदस्यों से कार्यक्रम पर सुझाव मांगना प्रोटोकॉल का हिस्सा है और आयोजन स्थल में बदलाव के लिए ठोस कारण होना चाहिए। सूत्र ने कहा, ''सदस्य बोर्ड सुरक्षों कारणों से आयोजन स्थल में बदलाव की मांग कर सकते हैं जैसे पाकिस्तान ने 2016 में किया था जब वे टी20 विश्व कप के लिए भारत आए थे। अगर आपने अपनी टीम के मजबूत और कमजोर पक्षों के अनुसार स्थल पर आपत्ति जतानी शुरू कर दी तो कार्यक्रम को अंतिम रूप देना बेहद मुश्किल हो जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए जब तक पर्याप्त ठोस कारण नहीं होता तब तक स्थल में बदलाव नहीं होता।'' सूत्र 2016 टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले को धर्मशाला से कोलकाता स्थानांतरित करने के संदर्भ में कह रहे थे। पिछले महीने पीसीबी ने नई राष्ट्रीय चयन समिति की घोषणा की थी जिसमें पहली बार हसन चीमा को राष्ट्रीय टीम के सचिव, प्रबंधन विश्लेषक और टीम रणनीतिकार के रूप में शामिल किया गया है जबकि राष्ट्रीय पुरुष टीम के निदेशक मिकी आर्थर और मुख्य कोच ग्रैंड ब्रेडबर्न भी इसमें शामिल हैं। भारत के खिलाफ विश्व कप मुकाबला अहमदाबाद में खेलने के लिए पाकिस्तान के राजी होने के बारे में पूछे जाने पर पीसीबी सूत्र ने कहा कि इस पर लगभग सहमति बन गई है लेकिन अंतिम फैसला सरकार करेगी।पाकिस्तान को अपने दो शुरुआती मुकाबले हैदराबाद में छह और 12 अक्टूबर को खेलने हैं। पाकिस्तान के इसके अलावा चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरू और अहमदाबाद में खेलने की उम्मीद है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टी 20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान

### आठ महीने बाद वापसी कर पाया इबादत हुसैन

**नई दिल्ली,19 जून 2023।** जुलाई के महीने में आपको क्रिकेट के महामुकाबले देखने को मिलेंगे। 12 जुलाई से भारत और वेस्टइंडीज के बीच में टेस्ट,वनडे और टी20 सीरीज के मुकाबले खेले जाएंगे। इस बीच



अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज को लेकर भी टीम का ऐलान हो गया है। आपको बता दें की बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के बाद 2 मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है।

इसी के बीच में बांग्लादेश की टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया। रिपोर्ट की माने तो बांग्लादेश की टी20 टीम में एक खिलाड़ी की लगभग 8 महीने के बाद वापसी हुई है। ये खिलाड़ी आखिरी बार बांग्लादेश की टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खेला था। आपको बता दें की बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच ये दो टी20 मैच 14 और 16 जुलाई को खेले जाएंगे। इस सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में इबादत हुसैन की वापसी हुई है।

### टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीमः

शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शान्तो, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, तौहीद हिरदॉय, शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज, एबादत हुसैन, शोरफुल इस्लाम, रिशाद हुसैन, अफिफ हुसैन

# एशिया कप में पहली बार खेलेगी नेपाल की टीम

### भारत-पाक के साथ होगी एक ही ग्रूप में

**नई दिल्ली,19 जून 2023।** एशिया कप की शुरूआत इस साल 31 अगस्त से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट के मुकाबले पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच पाकिस्तान में और बाकी मैच श्रीलंका में होंगे। ऐसे में इस टूर्नामेंट में एक नई चीज भी देखने को मिलेगी और वो ये की इस बार एक नई टीम भी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होगी।




रिपोर्ट की माने तो एशिया कप 2023 में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। साल 2023 में वनडे फॉर्मेट में इसका 16वां संस्करण खेला जाएगा। इस बार नेपाल की क्रिकेट टीम भी एशिया कप के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट का हिस्सा लेगी। इसके अलावा भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान शामिल रहेंगें। रिपोटर्स की माने तो एशिया कप में लीग स्टेज, सुपर-4 और फाइनल मिलकर कुल 13 मुकाबले खेले जाएंगे। एशिया कप वनडे प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें भारत, पाकिस्तान और नेपाल की टीमें एक ही ग्रुप में होंगी, वहीं दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश होगा।

# ताइपे ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे प्रणय

**ताइपे,19 जून 2023।** इंडोनेशिया में सेमीफाइनल में मिली हार से उबरकर एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को यहां नौंवी वरीयता दी गई है और वह इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता के पुरुष एकल के पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ेंगे। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले प्रणय ने सुपर 1000 टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्हें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और चैंपियन बने डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 15-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।पुरुष एकल में मेइराबा लुवांग मेसनाम, किरण जॉर्ज, सतीश कुमार करूणाकरन, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन भी चुनौती पेश करेंगे। शुभंकर डे और पारूपल्ली कश्यप क्वालीफायर में हिस्सा लेंगे। महिला एकल में लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल फॉर्म हासिल करने का प्रयास करेंगी जबकि मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप और रुतविका शिवानी गड्डे भी खिताब के लिए भिड़ेंगी। साइना को पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग से भिड़ना है जबकि मालविका का सामना तीसरी वरीय बेइवेन झेंग से होगा। सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ताइपे में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगी। उनकी गैरमौजूदगी में कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की आठवीं वरीय जोड़ी पुरुष युगल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। इस जोड़ी को पहले दौर में अमेरिका के विंसन च्यू और जोशुआ युआन से भिड़ना है।

# रोहित शर्मा के बाद टीम इंडिया का कप्तान कौन

### चयनकर्ता पर सवाल करते हुए बोले वेंगसरकर- उनके पास कोई विजन नहीं

**नई दिल्ली,19 जून 2023।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मैदान में कठिन समय चल रहा है। रोहित शर्मा के भारत को हाल ही में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही आईसीसी खिताब का इंतजार और लंबा हो गया है। कई मौकों पर नॉकआउट चरणों में जगह बनाने के बावजूद, आईसीसी ट्रॉफी का स्थान 2013 से अभी भी खाली है। इन सब के बीच टीम इंडिया के भविष्य को भी लेकर सवाल उठने लगे हैं। एक पूर्व विश्व कप विजेता और पूर्व चयनकर्ता ने साफ तौर पर सवाल किया कि वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा के साथ कौन आगे बढ़ेगा?

### रोहित के बाद कौन

एक बातचीत में भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने दो टूक कहा कि चयनकर्ताओं के पास भविष्य के लिए कोई विजन नहीं है और उनमें क्रिकेट की समझ भी



नहीं है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पिछले छह-सात वर्षों में मैंने जिन चयनकर्ताओं को देखा है, उनमें न तो दृष्टि है, न ही खेल के बारे में गहरी जानकारी है और न ही क्रिकेट की समझ है। वेंगसरकर के कहा कि उन्होंने शिखर धवन को भारत का कप्तान बनाया (जब भारत के मैच ओवरलैप हो गए और मुख्य खिलाड़ी अनुपलब्ध थे)। उन्होंने कहा कि यहीं पर आप भावी कप्तान को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे रोहित के बाद कप्तान के रूप में एक आदर्श उम्मीदवार की पहचान करने में विफल रहे।


### किसी को तैयार नहीं किया

अपना सवाल जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि आपने किसी को तैयार नहीं किया है। आप बस आते ही खेलते हैं। आप दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड की बात करते हैं, बेंच स्ट्रेंथ कहां है? सिर्फ आईपीएल होना, मीडिया राइट्स में करोड़ों रुपये कमाना ही एकमात्र उपलब्धि नहीं होनी चाहिए। दिलीप वेंगसरकर ने प्रबंधन के प्रति आलोचना व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसी का पालन-पोषण करने में विफल रहे हैं और जैसे ही यह खेल आया, वैसे ही खेल रहे थे।

# हार्ट ऑफ स्टोन का ट्रेलर जारी

नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म से आलिया भट्ट हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म से जब आलिया का पहला लुक और टीजर आया तो दर्शक इसको लेकर और उत्सुक हो गए। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में आलिया का एक्शन अंदाज दिखाई दे रहा है और पर्दे पर वह गैल गैडोट से भिड़ती नजर आ रही हैं।





ट्रेलर से पता चलता है फिल्म एक जासूसी समूह की कहानी है। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि सभी एजेंट ने करार किया है कि वे किसी से दोस्ती नहीं करेंगे, रिलेशनशिप में नहीं आएंगे। जो वह कर रहे हैं वह बेहद जरूरी है। जब सरकार भी फेल हो जाती है, तब इनका समूह काम आता है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में आलिया विलेन बनी हैं। उनका किरदार इस समूह से गद्दारी करता है। ट्रेलर से लगता है कि इस फिल्म में नेटफ्लिक्स के लिए एक बेहतरीन फ्रैंचाइजी खड़ी करने की क्षमता है। फिल्म की शूटिंग इटली, लंदन और लिस्बन जैसे लोकेशन पर हुई है। यहां की शानदार झलकियां ट्रेलर में दिखाई देती हैं। साथ ही फिल्म दिलचस्प एक्शन से भी आकर्षित करती है। आलिया और गैडोट के साथ इस फिल्म में अभिनेता जेमी डॉर्नन नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन टॉम हार्पर ने किया है। फिल्म 11 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 11 अगस्त को दर्शकों के लिए मनोरंजन का पिटारा खुलने वाला है। रणबीर कपूर की चर्चित फिल्म एनिमल भी इसी दिन पर्दे पर आएगी। यह फिल्म सनी देओल की ऐतिहासिक फिल्म गदर के सीक्वल गदर 2 से पर्दे पर टकराएगी। इसके अलावा अक्षय कुमार की ओह माय गॉड का सीक्वल, ओएमजी 2 भी 11 अगस्त को रिलीज हो रहा है। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ था। हार्ट ऑफ स्टोन का ट्रेलर नेटफ्लिक्स के खास समारोह नेटफ्लिक्स टुडुम में जारी किया गया। इस समारोह में नेटफ्लिक्स के आने वाले कई प्रतिक्षित प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई दी। जोया अख्तर की द आर्चीज की भी पहली झलक आखिरकार सामने आ गई है। मनी हाइस्ट का स्पिन ऑफ बर्लिन, एक्सट्रैक्शन 3, एमिली इन पैरिस 4, स्क्विड गेमः द चैलेंज समेत कई प्रोजेक्ट्स के टीजर जारी किए गए।

# रॉयल ब्लू ड्रेस पहन निकिता दत्ता ने ग्लैमरस लुक्स से बरपाया कहर, हॉटनेस देख घायल हुए फैंस



कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस निकिता दत्ता आए दिन अपनी खूबसूरती के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका लेटेस्ट लुक्स हमेशा फैंस के बीच ट्रेंड करता है और अपनी सेंशुअस अदाओं से हमेशा फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की है। इन फोटोज में उनका सेक्सी अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं और उनके लुक्स पर से निगाहें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। निकिता दत्ता ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लू कलर का स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ था। अपने बालों का स्टाइलिश बन बनाकर साथ ही हल्की सी झुलफें बिखेर कर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को बखूबी से निखारा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस जमकर लाइक्स और कॉमेंट कर रहे हैं। हालांकि लोग उनके स्टाइल को फॉलो भी करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने कबीर सिंह में जिया शर्मा का रोल निभाकर फैंस का दिल जीत लिया था।

# आईना के 30 साल पूरे होने पर जैकी श्रॉफ ने शेयर की फोटो

बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ को परिंदा, राम लखन, त्रिदेव और कई अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। जैकी ने फिल्म आईना की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। इस फिल्म में जैकी के साथ एक्ट्रेस अमृता सिंह और जूही चावला भी थी।

पिछली यादों को ताजा करते हुए एक्टर जैकी ने फिल्म की सह-कलाकार अमृता सिंह और जूही चावला के साथ खुद की थ्रोबैक फोटो पोस्ट की। एक्टर ने कैप्शन में लिखा, आईना के तीस साल! फिल्म आईना एक कॉम्पलेक्स लव ट्राएंगल है और दोस्ती, बलिदान के थीम्स को एक्सप्लोर करती है। फिल्म में जैकी श्रॉफ की भूमिका को काफी सराहा गया था, जिनके अभिनय में काफी गहराई थी। फिल्म को तेलुगु में अयनकी इद्दरु, तमिल में कल्याण वैभोगमे और कन्नड़ में यारे नी अभिमानी के रूप में बनाया गया था।

जैकी शिल्प और प्रकृति के प्रेमी हैं, यही कारण है कि उनकी फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है। जैकी हाल ही में एक्टर सुनील शेट्टी के साथ हंटर में नजर आए थे। अब वह जेलर में रजनीकांत के साथ दिखाई देंगे।



# एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित विशिष्ट प्रक्रिया एवं मापदंडों को पूरा करने पर ही बन सकते हैं फूड सेफ्टी मित्र

**फूड सेफ्टी मित्र सेन्ट्रल फूड सेफ्टी ऑफिसर का जॉब नहीं,होटल,रेस्टोरेंट,ढाबा,फूड कॉर्नर में जाकर पूछताछ करना,फूड लायसेंस बनाना,ऑडिट करना फूड सेफ्टी मित्र का काम नहीं...**

- **» राशि लेकर फूड सेफ्टी मित्र बनाने और हर महीने वेतन देने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित विज्ञापन गलत एवं भ्रामक**
- **» किसी कंपनी या व्यक्ति द्वारा ऐसा प्रलोभन देने पर नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के पास कर सकते हैं शिकायत**




**रायपुर, 19 जून 2023(ए)।** राशि लेकर फूट सेफ्टी मित्र बनाने और हर महीने वेतन देने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित विज्ञापन गलत एवं भ्रामक है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय के अधिकारियों को मिली सूचना के अनुसार कुछ निजी कंपनियां युवाओं को फूड सेफ्टी मित्र बनाने के बहाने 20 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक की राशि की मांग कर रहे हैं।

उन्हें हर महीने वेतन देने का भी प्रलोभन दिया जा रहा है, जो कि पूर्णतः गलत एवं भ्रामक है। अज्ञात कंपनियां सोशल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन में फूड सेफ्टी मित्र को सेन्ट्रल फूड सेफ्टी ऑफिसर का जॉब बता रहे है एवं उनका कार्य होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड कॉर्नर में जाकर पूछताछ करना, फूड लायसेंस बनाना, ऑडिट करना आदि बता रहे हैं जो कि गलत एवं भ्रामक है।

राज्य शासन का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग इस तरह के किसी भी विज्ञापन का खंडन करता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन वाले विज्ञापन में विश्वास न करें और यदि कोई व्यक्ति या कंपनी ऐसा प्रलोभन देता है तो इसकी शिकायत कार्यालय नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, ब्लॉक-1, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर के टेलीफोन नम्बर +91-0771-2235226, फैक्स नम्बर 2511988, ईमेल आईडी कंट्रोलररायपुर एट्दीरेट जीमेल डॉट कॉम या फिर पुलिस में कर सकते हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फूड सेफ्टी मित्र को किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान में खाद्य अनुज्ञप्ति या खाद्य पंजीयन की जांच करने या कार्यवाही करने की अनुमति नहीं है और न ही उसे कोई वेतन की पात्रता है। अगर वह ऐसा करता है तो वह दण्ड का पात्र होगा। खाद्य व्यापारियों के अनुरोध पर फूड सेफ्टी मित्र द्वारा खाद्य अनुज्ञप्ति, खाद्य पंजीयन एवं वार्षिक टर्न-ओवर के ऑनलाइन आवेदन करने में सहयोग किया जाता है। इसके लिए उन्हें एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा निर्धारित इन्सेन्टिव मिलता है। फूड सेफ्टी मित्र द्वारा प्रत्येक कार्य का बिल या रसीद खाद्य कारोबारकर्ताओं को दिया जाना आवश्यक है।

अधिकारियों ने बताया कि फूड सेफ्टी मित्र (खाद्य सुरक्षा मित्र) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (ऋस्स्ढ्ढ) नई दिल्ली की एक पहल है। इसके अंतर्गत स्नातक उत्तीर्ण युवा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल में भाग लेकर फूड सेफ्टी मित्र बन सकते हैं। इसके लिए एक विशिष्ट प्रक्रिया एवं मापदंड निर्धारित की गई है।

फूड सेफ्टी मित्र बनने के लिए सबसे पहले किसी भी व्यक्ति को स्वयं से फूड सेफ्टी मित्र के पोर्टल में जाकर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। पंजीयन के बाद आवेदक को ऑनलाइन पांच प्रशिक्षण मॉड्यूल का अध्ययन करना होगा। प्रत्येक मॉड्यूल के बाद दस बहुउत्तरीय प्रश्न आते हैं, जिनमें से छह प्रश्नों का ज्ञान होना आवश्यक है। प्रत्येक मॉड्यूल में निर्धारित छह प्रश्नों का सही ज्ञान होने के बाद ही अगला मॉड्यूल खुलता है। अंत में प्राधिकरण 100 प्रश्नों का एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करता है, जिसमें 100 अंक होते हैं। फूड सेफ्टी मित्र बनने के लिए आवेदक को 100 में से 75 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। ऑनलाइन परीक्षा पास करने के बाद आवेदक को पांच हजार रुपए का सुरक्षा निधि जमा करना होता है। इसके बाद ही आवेदक को खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा फूड सेफ्टी मित्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आम नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए लिया गया बड़ा निर्णय**

## प्रदेश की सभी 44 नगर पालिकाओं में मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू

**रायपुर, 19 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए घर बैठे प्रमाण पत्र तथा आवश्यक शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए संचालित लोकप्रिय ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' को प्रदेश की सभी 44 नगर पालिकाओं में लागू करने का बड़ा निर्णय लिया है। वर्तमान में यह योजना प्रदेश की 14 नगर निगमों में संचालित है।

इस योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 01 मई 2022 से लागू इस योजना का लाभ अब तक 96 हजार 258 नागरिक उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के लागू होने के बाद से नागरिकों को जरूरी प्रमाण पत्र और शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए नगर निगम, तहसील तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के आवश्यकता नहीं रह गई है।

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत अब तक 96 हजार 258 नागरिकों को उनकी आवश्यकता के शासकीय दस्तावेज घर बैठे प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब तक 01 लाख 13 हजार 234 नागरिकों द्वारा टोल फ्री 14545 नंबर पर सरकारी दस्तावेज बनवाने के लिए कॉल किए गए हैं। योजना के लागू होने से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को काफी सहूलियत हो गई है।




**जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड समेत कई तरह के दस्तावेज**

मितान योजना के अंतर्गत घर बैठे मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, नया राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड ट्रांसफर/सरेंडर, राशन कार्ड सुधार, नया राशन कार्ड एपीएल, राशन कार्ड गुम केस, राशन कार्ड में नाम जोड़ना/काटना, नया बीपीएल राशन कार्ड बनाने की सुविधा इस योजना के तहत प्रदान की जा रही है। नागरिकों को मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये योजना के टोल-फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होता है। इसके बाद अप्वाइंटमेंट बुक किया जाता है। तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं और टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है।


## मौसम विभाग ने भीषण गर्मी को लेकर जारी किया अलर्ट

**» कई जिलों में रात में भी चलेगी गर्म हवा**

**रायपुर, 19 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है. तापमान में लगातार बढ़ोतरी से लोग परेशान है. हाई टेम्प्रेचर गर्मी के बीच मौसम विभाग ने गर्म हवा को लेकर अलर्ट जारी किया है और समझाइश भी दी है. मौसम विभाग के मुताबिक रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर संभाग के कई इलाकों में गर्म हवा चलेगी. इसको लेकर अगले 24 घंटे तक अलर्ट जारी किया गया है।




भीषण गर्मी की वजह से स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू होना था जिसे सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तारीखों को आगे बढ़ा दिया है. प्रदेश में अधिकतम तापमान जांजगीर जिला में 46.4 डिग्री है. वहीं राजधानी रायपुर में 45.3 डिग्री है. मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में सप्ताह भर गर्म हवा का कहर रहेगा. 2 दिन में कमजोर होगा चक्रवात फिर मौसम बदलेगा. प्रदेशवासियों को 24 जून के बाद मानसूनी राहत मिलेगी.




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)